CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 26°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 20 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 340 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़

पेज 2



आंद्रे रसेल ने कहा इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

खेल टाइम्स



भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प

पेज 11



सोनम ने बागी 4 की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड

# परंपरागत धार्मिक रिवाजों में राज्य का हस्तक्षेप अनुचित: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स, जिसे जेठ मेला भी कहा जाता है, के मामले में दिए आदेश में अहम टिप्पणी की है कि सामान्य परिस्थितियों में,वे सभी धार्मिक रिवाज जो लंबे समय से प्रचलित हैं, राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे कारणों से रोकी नहीं जा सकते।

विशेषकर तब जब कि ये प्रथाएं समाज में सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। अदालत ने कहा कि मामले में बीती 17 मई को पारित अंतरिम आदेश के तहत किए गए प्रबंधों के दौरान शांति और सौहार्द बना रहा, लिहाजा निर्धारित तिथियों में उर्स अथवा मेला के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की सभी आशंकाएं भी निर्मूल सिद्ध हुई हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिकाओं में दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स को जिलाधिकारी द्वारा अनुमति से



■ इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बहराइच के मसूद गाजी मेले पर की टिप्पणी

इंकार को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने बीती 17 मई को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। साथ ही पारम्परिक क्रिया-कलाप जारी रखने की अनुमति दी थी। याचिकाओं का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से मुख्य रूप से यह दलील दी गई थी कि दरगाह शरीफ़ के आसपास का क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है,यह नेपाल की खुली सीमा से सटा हुआ है, पहलगाम में पर्यटकों पर भयावह हमले को देखते हुए व भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वाली भीड़ के बीच राष्ट्रविरोधी और संदिग्ध तत्वों के घुसपैठ की प्रबल संभावना बनी रहती है। राज्य की ओर से यहभी कहा गया था कि इन दिनों पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, ऐसे में यदि आकस्मिक रूप से आपातकाल घोषित करना पड़े, तो मेला क्षेत्र में भीड़ की उपस्थिति के कारण क्षेत्र को पूर्णत: ब्लैकआउट करना संभव नहीं होगा, जिससे प्रशासनिक चुनौतियां और अधिक जटिल हो सकती हैं। न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने परिस्थितियों को देखते हुए और गोपनीय रिपोर्टों के आधार पर उर्स की अनुमति से इंकार किया था, लेकिन अब वह आदेश अप्रभावी हो गया है, क्योंकि मेला अवधि समाप्त हो चुकी है।, इस न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम व्यवस्था, जिसमें धार्मिक रिवाजों के संपादन की अनुमति दी गई थी, ने राज्य सरकार की सभी आशंकाओं को समाप्त कर दिया है। अदालत ने दरगाह शरीफ की प्रबंधन समिति को भी निर्देशित किया कि भविष्य में उर्स तथा मेला का प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा प्रवेश स्थलों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर यात्री से 40 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से चार किलोग्राम से अधिक कोकीन ज़ब्त की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये है।

■ दो पत्रिकाओं में छिपाकर ले जा रहा था पकड़ा गया आरोपी

इस प्रकरण में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार के आधार पर, डीआरआई की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह दोहा से बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। उसके सामान की सावधानीपूर्वक जांच करने पर पता चला कि उसके पास दो सुपरहीरो कॉमिक्स और पत्रिकाएं थीं, जो असामान्य रूप से भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाकर रखे गए सफेद पाउडर को सावधानीपूर्वक बरामद किया।

### हाईकोर्ट ने बेंगलुरु भगदड़ मामले में IPS अफसर के निलंबन पर उठाए सवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास इस वर्ष चार जून को हुई भगदड़ के बाद वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी विकास कुमार का निलंबन उस समय न्यायिक सुर्खियों में आ गया, जब अधिकारी के अधिवक्ता ने कर्नाटक सरकार के रुख में विरोधाभास का आरोप लगाया। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान चिन्नप्पा ने तर्क दिया कि राज्य सरकार का आईपीएस अधिकारी का निलंबन आदेश साक्ष्य या प्रक्रियागत प्रक्रिया पर आधारित निर्णय के बजाय एक 'आवेगपूर्ण प्रतिक्रिया' प्रतीत होता है।

### जम्मू- कश्मीर में 10 ठिकानों पर CIK का तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकवाद रोधी शाखा का आतंकवाद के एक मामले के सिलसिले में घाटी के कई स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) का कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। समन्वित छापेमारी शनिवार सुबह शुरू हुई और यह क्षेत्र में सक्रिय एक आतंकी स्लीपर सेल तथा भर्ती मॉड्यूल की जांच के तहत की जा रही है। कश्मीर के जिन चार जिलों के 10 ठिकानों पर तलाशी चल रही है उनमें गंदेरबल में छह, बड़गाम में दो और श्रीनगर व पुलवामा में एक-एक ठिकाना शामिल है।

### गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आय 223% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों (आरयूपीपी) की आय 2022-23 में 223 प्रतिशत बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें से 73 प्रतिशत से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है।

# चीन ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

## कहा: हम हर तरह के आतंकवाद के विरोधी, TRF व पाक का नाम लेने से किया परहेज

बीजिंग, वार्ता

**चीन ने** अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन का यह बयान अमेरिका के पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किए जाने के बाद आया है। चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को सीधे तौर पर आतंकी संगठन कहा। टीआरएफ पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन -शेष पृष्ठ दो पर





### पाक का दावा: आतंकी नेटवर्क ध्वस्त किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने आतंकी नेटवर्क को खत्म कर दिया है। पाक ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि यह संगठन अब सक्रिय नहीं है। पाक का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर की प्रॉक्सी विंग टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और वैश्विक आतंकी घोषित किया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने संबंधित आतंकी संगठनों को प्रभावी और व्यापक रूप से ध्वस्त कर दिया है। उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### टीआरएफ के पहलगाम हमले में शामिल होने का सबूत दिखाएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में खुलकर टीआरएफ का बचाव किया। डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के बयान से टीआरएफ का नाम हटवाया। साथ ही उन्होंने टीआरएफ को गैरकानूनी मानने से भी इन्कार किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार खुलकर टीआरएफ के बचाव में सामने आ गए। उन्होंने पाकिस्तान की संसद में भाषण देते हुए खुलेआम द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का बचाव किया। इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहलगाम हमले पर जारी बयान में टीआरएफ का नाम हटवाया।

# उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की सफल ग्राउंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रपुर( उधमसिंह नगर )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। दिसम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाते हुए शाह ने कहा कि धामी सरकार पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विकसित उत्तराखंड के बिना 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने दिसम्बर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए कहा कि तब मैंने मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर





### औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण लौटी

**हैदराबाद।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट शनिवार को उड़ान भरने के 16 मिनट बाद ही हैदराबाद वापस आ गई।

विमान बोइंग 737 मैक्स 8 आईएक्स110 सुबह 6:40 बजे हैदराबाद से फ्लाइट को सुबह 11:45 बजे थाईलैंड के फुकेट में लैंड होना था। हालांकि टेकआफ के थोड़ी देर बाद पायलट फ्लाइट को वापस हैदराबाद ले आया। विमान में तकनीकी खराबी थी, हालांकि किस तरह की गड़बड़ी थी। इसकी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई।

■ 16 मिनट हवा में रही, हैदराबाद से थाईलैंड जा रही थी

## राज ठाकरे व मनसे कार्यकर्ताओं पर दर्ज हो FIR

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे अपने भड़काऊ बयानों को लेकर घिरे हुए हैं।

इस बीच हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा भड़काने और भाषा-आधारित घृणा फैलाने के आरोप में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में राज ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह याचिका वकील घनश्याम उपाध्याय ने दायर की है। दरअसल, महाराष्ट्र में 'मराठी बनाम हिंदी' विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे की हो रही है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि अगर किसी ने यहां मराठी का अपमान किया, तो उसके गाल और हमारे हाथ की 'युति' जरूर होकर रहेगी। राज ठाकरे ने आगे कहा था कि मुंबई के मीरा रोड में जो कुछ हुआ, जिसे पीटा गया, वो सही हुआ।

■ सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका में भाषा-आधारित नफरत फैलाने का आरोप लगाया

## अजमेर में भारी बारिश घरों में भरा पानी



**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन सिस्टम एक्टिव होने से राजस्थान के 6 जिले- जोधपुर, नागौर, पाली, अजमेर, सिरोही, जालोर में भारी बारिश हो रही है। अजमेर और टोंक में बाढ़ जैसे हालात हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है।

शनिवार को कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर, बूंदी, राजसमंद और नागौर के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। अजमेर के दरगाह बाजार इलाके में शुक्रवार की रात तेज बारिश से कई लोग बह गए। राजस्थान में मानसून के इस सीजन में अब तक औसत से 109 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राजसमंद में तालाब फूटने (बांध टूटने) से 3 स्कूली बच्चों सहित 7 लोग पानी के बहाव में फंस गए। जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में डूबने से युवक की मौत हो गई। सीकर में 13 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। राजस्थान में बारिश से हुए हादसों में बीते चार दिन में 23 लोगों की जान गई है।

■ यूपी के काशी में 30 हजार घर डेंजर जोन में आए

# भ्रामक खबरों पर पायलट फेडरेशन का रुख सख्त

## अहमदाबाद विमान हादसा: विदेशी मीडिया संस्थानों को कानूनी नोटिस भेजा, माफी मांगने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है।

नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिर्पोटिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है। भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और -शेष पृष्ठ दो पर





### मीडिया रिपोर्ट्स सिर्फ अटकलें: NTSB

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर अमेरिकी एजेंसी ने सावधान रहने की सलाह दी है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा कि जो बातें सामने आई हैं, वो सिर्फ अटकलें लगाने वाली हैं। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अभी अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की है। इस तरह की जांच में समय लगता है। होमेंडी की यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर है। तीन दिन पहले जारी इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

# नृत्य प्रतिभाओं ने मंच पर बिखेरा जलवा

## खुशहाली राजपूत को मिला बेस्ट डांसर अवॉर्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप की ओर से आयोजित बहुचर्चित नृत्य प्रतियोगिता जो जीता वही सिकंदर में बच्चों ने अपनी जबरदस्त प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और नगर क्षेत्र की छुपी नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, जिसमें तीन श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से खुशहाली राजपूत को 'बेस्ट डांसर अवॉर्ड' से नवाजा। निर्णायक मंडल की अध्यक्षता कर रहीं धामपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं में माही (सब-जूनियर), तोशिका राजपूत (जूनियर) और एंजल (सीनियर वर्ग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके साथ-साथ सौम्या, विधि सैनी, जकिया, राशि, अंशिका और खुशी को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थानों से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसका शुभारंभ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, रोटेरियन शिवेंद्र अग्रवाल, संरक्षक दीपेंद्र सिंह चौहान, चिकित्सक डॉ. करिश्मा सक्सेना, शिक्षाविद अनिल कुमार सिंह, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम संचालन की बागडोर संभाली जनपद के चर्चित मंच संचालक शुभम वालिया ने, जिनके शायराना अंदाज ने आयोजन को ऊर्जावान बनाए रखा। गुलफाम अहमद और सलमान फरीदी को भी सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल की कोऑर्डिनेटर नंदिनी रानी तथा समस्त शिक्षकों व स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान और महासचिव आरके आर्य एडवोकेट ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** संपूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत शनिवार को तहसील प्रांगण के चौधरी चरण सिंह सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम नजीबाबाद द्वारा जन शिकायतें सुनी गई। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शनिवार 19 जुलाई को 10:00 से 2:00 बजे तक एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत जन शिकायतें सुनी गई। इस दौरान तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार, नायब तहसीलदार ममता यादव, विकास खंड अधिकारी दीपक तेवतिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के अंतर्गत राजस्व की 9, पुलिस की 4, विकास की 4, समाज कल्याण की 2, शिक्षा की 1, अन्य 6, कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## एक नजर

### आसमान में ड्रोन, उड़ा रहा कौन

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा व रतनपुर खुर्द सहित कई गांव में ड्रोन पिछले कई दिनों से मंडरा रहे हैं। ग्रामीण रात में डर के मारे जागकर पहरेदारी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत की है और जांच की मांग की है। थाना क्षेत्र में 8 से 10 बजे रात तक कई गांव के ऊपर ड्रोन उड़ते दिखायी पड़ते है। इससे ग्रामीण डरे हुए हैं। किसी अनहोनी की आशंका में ग्रामीण अपनी छतों पर लाठी डंडा लेकर मुस्तैद हो जाते हैं। ग्रामीण रात-रात जागकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। आसमान में उड़ते ड्रोन से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत पुलिस से भी की है। उधर थानाध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने बताया कि यह अफवाह है और पूरे जिले में है। कुछ लोग हवाईजहाजों की लाइट को देखकर ड्रोन बता रहे है जबकि ड्रोन इतनी ऊपर नहीं उड़ते है। साथ ही ड्रोन की काफी आवाज आती है जबकि यहां क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई शोर नहीं है। हीमपुर दीपा थानाध्यक्ष ने अफवाहों पर ज्यादा ध्यान न देने और लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम सब्दलपुर निवासी श्रीमती सीमा पत्नी नकुल कुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के ही पवन कुमार उनके पुत्र रितिक, वितेश तथा पुत्रियां प्रिया व अश्वनी ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट की थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर प्रिया व अश्वनी की नामजदगी गलत पाई गई। पुलिस ने नामजद अभियुक्त रितिक पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### बम-बम की गूंज के साथ बढ़ रहे शिवभक्त

**नगीना।** कांवड़ रूट पर शिवभक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा है। हरिद्वार से पावन गंगजल लेकर गंतव्य के शिवालयों की ओर बढ़ रहे शिवभक्तों के आगमन से नगीना में कांवड़ मार्गों पर बोल-बम, बम-बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय होने लगा है। कोई अपने मित्रों के साथ शिवालय की ओर बढ़ रहा है तो कोई अपने परिवार के साथ यात्रा पर निकला है। कांवड़ रूट पर आस्था के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। चौराहों पर भी शिव भक्ति के गीत गुंजायमान हो रहे हैं तो रूट पर बोल बम जय बम के जयकारे लग रहे हैं। हर कोई शिव भक्ति में डूबा है। 23 जुलाई को शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को कांवड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली।

# केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में इंटर हाउस इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी में इंटर हाउस इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों हाउस एयर, अर्थ, फायर एवं वॉटर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' तथा सीनियर वर्ग का विषय 'Cyber Security is a Threat of a student' रहा। निर्णायक की भूमिका ज्योति शर्मा एवं संजय ने निभाई, जबकि मंच संचालन मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया। जूनियर वर्ग में फायर हाउस प्रथम, एयर हाउस द्वितीय एवं वॉटर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सीनियर वर्ग में वॉटर हाउस प्रथम, फायर हाउस द्वितीय एवं एयर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। एयर हाउस की इंचार्ज शिवानी चौधरी, अर्थ हाउस की इंचार्ज पारुल मेहरा, फायर हाउस की इंचार्ज रेणुका गौतम तथा वॉटर हाउस की इंचार्ज ज्योति शर्मा रहीं। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा वितरित किए गए। इस संपूर्ण आयोजन का समन्वयन गतिविधि प्रभारी मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# सास-बहू व बेटा सम्मेलन में बताए गए सीमित परिवार के फायदे: डॉ. स्नेही

## नवविवाहिताओं को शगुन किट भेंट की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य उप केंद्रों व हैल्थ वैलनेस सेंटरों पर सास बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमित परिवार के लाभों की जानकारी देना रहा।

सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही व बीपीएम शालिनी बिश्नोई के निर्देशन में शाहपुर खेड़ी व काजमपुर के हैल्थ वैलनेस सेंटरों और स्वास्थ्य उप केंद्रों पर यह सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में चिन्हित नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई और उन्हें शगुन किट भेंट की गई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले 15 प्रतिभागियों पांच सास, पांच बहुएं और पांच बेटे को पुरस्कार भी दिए गए। आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों के महत्व को समझाया। आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से आठ-दस परिवारों को सम्मेलन में लेकर पहुंची थी।

इस अवसर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नित्या राज, एएनएम रुकमणि, अंजू नागर, सविता, किरण, आशा, संगिनी और आशा कार्यकर्ता रिहाना, वनीता, सावित्री, सुधा समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# दरबाड़ा व केलनपुर में सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण

## डीसीओ ने दिए शून्य सर्वे एरिया वाले किसानों की सूची तैयार करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने पी.बी.एस. फूड्स शुगर मिल चांदपुर के ग्राम दरबाड़ा और बिंदल पेपर्स शुगर मिल के ग्राम केलनपुर सोसाइटी चांदपुर में सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी नवीन गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की तैयारियों के तहत आयोजित इस 63-कॉलम सट्टा प्रदर्शन में ग्रामीण किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लेने पर उनसे अपनी बात साझा की। इस अवसर पर सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक, समिति चांदपुर सचिव जितेंद्र कुमार, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला गन्ना अधिकारी ने सभी उपस्थित स्टाफ को सट्टा प्रदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉफ से स्पष्ट कहा कि प्लॉट का नामकरण करते समय सट्टा प्रदर्शन के दौरान सभी प्लॉट का नामकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सी.एल.ए. से अधिक गन्ना क्षेत्र होने पर सी.एल.ए. (कैन लैंड एरिया) से अधिक गन्ना क्षेत्र वाले किसानों से संपर्क कर उनकी खतौनी प्राप्त की जाए और उस रकबे को बॉन्डिंग केन के तहत लाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। शून्य सर्वे एरिया वाले किसान की सूची तैयार की जाए, जिन्होंने पिछले वर्ष आपूर्ति की थी लेकिन उनका सर्वे एरिया शून्य है, उन्हें चिन्हित कर क्षेत्र आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि संशोधन आवेदनों का निस्तारण करते समय संशोधन हेतु प्राप्त सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत आपत्ति रजिस्टर में दर्ज कर नियमानुसार निस्तारण किया जाए। किसानों के हस्ताक्षर व मोबाइल नंबर के प्रदर्शन के समय किसानों के मौके पर हस्ताक्षर कराए जाएं और उनके मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएं। गन्ने के सट्टा प्रदर्शन का महत्व बताते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि गन्ने का सट्टा प्रदर्शन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो किसानों और चीनी मिल के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। यह किसानों को उनके गन्ने के रकबे और मिल को आपूर्ति की जाने वाली संभावित मात्रा का स्पष्ट अनुमान प्रदान करता है, जिससे उन्हें बुवाई की योजना बनाने और फसल प्रबंधन में सहायता मिलती है। सट्टा प्रदर्शन के माध्यम से किसान सरकारी योजनाओं और चीनी मिल द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। यह पूरी गन्ना आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करता है, जिससे पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सकता है और सुचारु संचालन सुनिश्चित होता है। गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पंचामृत खेती गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने का सूत्र पंचामृत खेती गन्ने की खेती की एक अभिनव और टिकाऊ विधि है जो पांच प्रमुख घटकों को एकीकृत करती है। यह न केवल गन्ने की उपज में वृद्धि करती है बल्कि भूमि की उर्वरता बढ़ाती है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करती है। इसके मुख्य अवयव ट्रेंच प्लांटिंग (ट्रेंचेड प्लांटिंग), इस विधि में गन्ने की बुवाई गहरी खाइयों में की जाती है, जिससे जड़ों को अधिक गहराई तक जाने और पानी व पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण करने में मदद मिलती है। यह सूखे और तेज हवाओं से फसल को बचाने के साथ-साथ फसल गिरने (लॉगिग) की संभावना को भी कम करती है। ड्रिप इरीगेशन (ड्रिप इर्रिगेशन) पर कहा कि बूंद-बूंद सिंचाई प्रणाली या ड्रिप इरीगेशन, पानी की बचत में अत्यंत प्रभावी है। यह सीधे पौधों की जड़ों तक पानी पहुंचाती है, जिससे पानी का अपव्यय कम होता है और सिंचाई की दक्षता बढ़ती है। यह उर्वरकों के कुशल उपयोग में भी सहायक है। सहफसली (इंटरक्रॉपिंग): गन्ने के साथ दालें, सब्जियां या तिलहन जैसी अन्य फसलों की बुवाई सहफसली कहलाती है। यह भूमि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करती है। किसानों की आय में वृद्धि करती है और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक है क्योंकि दलहनी फसलें नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। रटून प्रबंधन (रटून मैनेजमेंट): कटाई के बाद गन्ने की पेड़ी का उचित प्रबंधन रटून प्रबंधन कहलाता है। इसमें पेड़ी की निराई-गुड़ाई उचित सिंचाई और पोषक तत्वों का संतुलन शामिल है ताकि अगली फसल से भी अच्छी पैदावार मिल सके। इससे किसानों को बुवाई का खर्च बचाने में मदद मिलती है। ट्रैश मल्चिंग (ट्रेश मुलचिंग): गन्ने की कटाई के बाद बचे हुए पत्तों और फसल अवशेषों को खेत में ही बिछाना ट्रैश मल्चिंग कहलाता है। यह मिट्टी में नमी बनाए रखने, खरपतवारों को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और कार्बनिक पदार्थ को बढ़ाकर मिट्टी की उर्वरता में सुधार करने में सहायक है। इन पंचामृत घटकों को अपनाकर किसान भाई गन्ने की खेती को और अधिक लाभदायक और टिकाऊ बना सकते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। जैविक नियंत्रण और प्राकृतिक खेती: गन्ने की सुरक्षा और समृद्धि आधुनिक कृषि में जैविक नियंत्रण (बायोलॉजिकल कंट्रोल) और प्राकृतिक खेती (नेचुरल फार्मिंग) का महत्व लगातार बढ़ रहा है, खासकर गन्ने जैसी महत्वपूर्ण फसल के लिए। ये विधियाँ रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों पर निर्भरता को कम कर टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती हैं। जैविक नियंत्रण में फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए प्राकृतिक शत्रुओं (जैसे परजीवी, शिकारी कीट या सूक्ष्मजीव) का उपयोग किया जाता है। गन्ने में इसका उपयोग स्टेम बोरर या टॉप बोरर जैसे कीटों को नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता है जिससे रासायनिक छिड़काव की आवश्यकता कम हो जाती है। यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती जिसे अक्सर शून्य बजट प्राकृतिक खेती के रूप में जाना जाता है, मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने और पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक प्रक्रियाओं और आदानों पर केंद्रित है। इसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जाता। इसके बजाय जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक घोलों का उपयोग किया जाता है जो मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है और पौधों को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। प्राकृतिक खेती खरपतवार नियंत्रण और नमी संरक्षण के लिए मल्चिंग (गन्ने के अवशेषों का उपयोग करके) पर भी जोर देती है। ये विधियाँ न केवल उत्पादन लागत को कम करती हैं बल्कि गन्ने की गुणवत्ता में सुधार करती हैं और किसानों को अधिक स्वस्थ व टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर अग्रसर करती हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने सभी गन्ना किसानों से इन आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया जो न केवल उनकी आय में वृद्धि करेंगी बल्कि भूमि और पर्यावरण के स्वास्थ्य को भी बनाए रखेंगे। जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने क्षेत्रीय गन्ना कृषकों से अपनी बात साझा करते हुए कहा कि आप समस्त किसान भाइयों के बीच में हमारे अधिकारी बेहतर व्यवस्था बनाए हुए चल रहे हैं। आप लोग भी अपने सट्टा सर्वे प्रदर्शन निरीक्षण के दौरान अपने गन्ने का सर्वे ठीक प्रकार से चेक कर लें ताकि सत्र प्रारम्भ होने पर परेशानी न हो।

# शिव परिवार का आचरण ग्रहण करें : राजेंद्र वशिष्ठ



## श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का आठवां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी आठवें दिन कथा में प्रवचन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने कहा कि सभी को शिव परिवार का आचरण ग्रहण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान भोलेनाथ की सवारी बल है और पार्वती माता की सवारी शेर है। शेर और बैल आपस में विरोधाभासी स्वभाव के होते हैं। शेर का भोजन बैल होता है। इसी प्रकार भगवान भोलेनाथ के गले में नागों की माला होती है और शिव के पुत्र कार्तिक की सवारी मोर होता है और मोर का भोजन सांप होता है। गणेश जी की सवारी चूहा होता है और सांप का भोजन चूहा होता है। लेकिन वह आपस में कभी नहीं लड़ते और एक दूसरे को क्षति नहीं पहुंचते हैं। इस प्रकार मनुष्य को भी अपने परिवार के साथ मिलजुल के तालमेल बनाकर रहना चाहिए और घर में छोटे बड़ों का मान सम्मान करना चाहिए। तभी घर में सुख समृद्धि शांति कायम होगी। शिव महापुराण कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष कथा सुन रहे थे। कथा के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता रहे। कथा में विजयपाल सिंह, शोभा रानी, राजू जैन, कल्पना जैन, राजीव धनोरिया, सौरभ अग्रवाल, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल, शिखा धनोरिया, उमा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कल्पना जैन आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण का धर्म लाभ उठाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन ने ....**

लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बयान जारी कर कहा था कि भारत सरकार कश्मीर में मुस्लिमों को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक बना रही है। हालांकि, 26 अप्रैल को टीआरएफ इससे मुकर गया था। संगठन के प्रवक्ता अहमद खालिद ने कहा था कि पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत है। खालिद ने कहा कि उनकी वेबसाइट को हैक कर लिया गया था। टीआरएफ मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है, जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठनों में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नया नाम है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद यह अस्तित्व में आया। भारत सरकार भी मानती है कि ये लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी आतंकी संगठन है। ये आतंकी संगठन जवानों और आम नागरिकों की हत्या के अलावा सीमा पार से ड्रग्स और हथियार की तस्करी में शामिल रहा है। सुरक्षा मामलों के जानकार बताते हैं कि सीमा पार से आईएसआई हैंडलर्स ने ही लश्कर-ए-तैयबा की मदद से टीआरएफ को खड़ा किया। इससे पहले अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की थी और इसकी जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की लिस्ट में डाल दिया था। इस सूची में पहले से ही पाकिस्तान के कई आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), जमात-उद-दावा (जेयूडी) और आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

**उत्तराखंड में...**

पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा। मुझे खुशी है कि धामी की टीम ने तमाम चुनौतियों के बावजूद आज एक लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतार दिया है। उन्होंने बताया कि इस निवेश से 81 हजार नए रोजगार सृजित हुए हैं, और सहायक उद्योगों के जरिए भी ढाई लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी अब उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखंड के गठन और केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से लगातार चल रही डबल इंजन सरकार के लाभों का भी उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई है और 2027 तक इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। शाह ने गरीबों के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी संक्षिप्त उल्लेख किया, जिसमें 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि देश के समग्र विकास के लिए छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास भी महत्वपूर्ण है, जिस पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

**भ्रामक खबरों...**

असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से विमान हादसे का निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस हादसे ने जनता को बड़ा सदमा पहुंचाया है। यह भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा को लेकर, खासकर निराधार तथ्यों के आधार पर जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का समय नहीं है। एफआईपी ने कहा कि मीडिया संस्थान आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के बिना ऐसी कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित न करें, जिसमें दुर्घटना के कारणों पर अटकलें लगाई गई हों और मृत पायलटों को दोषी ठहराती हों। इस तरह की अटकलें लगाने वाली सूचनाओं का प्रकाशन बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे मृत पायलटों की प्रतिष्ठा को गंभीर और अपूरणीय क्षति हुई है। रॉयटर्स ने शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक संकट में डाला है और पायलट वर्ग का मनोबल गिराया है, जो भारी दबाव और सार्वजनिक जिम्मेदारी के तहत काम करता है। एफआईपी ने मीडिया संस्थानों से कहा कि आधिकारिक जांच के परिणाम जारी होने तक रॉयटर्स और सभी संबद्ध प्लेटफॉर्म्स को दुर्घटना और विमान को संचालित करने वाले पायलटों से संबंधित असत्यापित, अटकलों से जुड़ी अनौपचारिक रिपोर्ट को पेश करने के खिलाफ आगाह करने का निर्देश दिया जाता है।

## डीजीपी राजीव कृष्ण ने किया खुलासा, छह राज्यों से 10 पकड़े

# यूपी में धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हें इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर, अबुर रहमान- देहरादून, मोहम्मद अली - जयपुर, राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोरी की इज्जत के लुटेरे को 10 वर्ष का कारावास

## 20 हजार रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने नगीना के एहतेशाम को किशोरी की इज्जत लूटने के आरोप में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 13 जुलाई 2022 को नगीना थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त एहतेशाम पुत्र रईसुद्दीन निवासी ग्राम जमालपुर बांगर ने उनकी धेवती के साथ बलात्कार किया। पीड़ित ने मुकदमा अपराध संख्या 226/22 धारा 376 व 511 में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 18 पॉक्सो एक्ट एवं 3 (2), 5 (क) एससी/एसटी एक्ट की भी वृद्धि की गई थी। नगीना पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। नगीना पुलिस ने अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। फलस्वरूप न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट में आज अभियुक्त एहतेशाम को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# सांसद इकरा हसन के सम्मान से जुड़ा मामला गरमाया

## विधायक मनोज पारस और चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने की एडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कैराना लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सपा सांसद इकरा हसन के साथ सहारनपुर के एडीएम द्वारा कथित अभद्रता के मामले ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में गहरी चिंता उत्पन्न कर दी है।

इस पूरे प्रकरण पर नगीना विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मनोज पारस और सपा के वरिष्ठ नेता व चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कड़ी निंदा करते हुए इस घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग करते हुए एडीएम पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक मनोज पारस ने कहा कि जो सांसद का सम्मान नहीं कर सकता, वह जनता का सम्मान कैसे करेगा। सांसद इकरा हसन सिर्फ हमारे क्षेत्र की जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि हमारे परिवार की बेटी और छोटी बहन जैसी हैं। एडीएम द्वारा किया गया व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि जनता के आत्म-सम्मान पर सीधी चोट है। उन्होंने कहा कि एडीएम स्तर के एक अधिकारी द्वारा जिम्मेदारियों की मर्यादा लांघते हुए सांसद के साथ अनुचित व्यवहार किया गया, जो न सिर्फ लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि महिला प्रतिनिधियों के सम्मान पर भी सवाल खड़ा करता है।





सपा के वरिष्ठ नेता चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि कैराना सांसद इकरा हसन एक युवा, शिक्षित और संघर्षशील महिला नेता है। उनके साथ ऐसा बर्ताव निंदनीय है। इकरा हसन आज लाखों बेटियों व लाखों बहनों की आवाज हैं। ऐसे में इस घटना को हल्के में नहीं लिया जा सकता। सपा नेताओं की स्पष्ट मांग है कि इस मामले में सरकार, शासन और प्रशासन तुरंत संज्ञान ले और एडीएम पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए और भविष्य में जनप्रति. निधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित हो।

# जच्चा व बच्चा की मौत पर हंगामा

## क्षेत्र में संचालित अस्पतालों में जान का खतरा

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** अस्पताल में जच्चा व बच्चा की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे अस्पताल संचालित किए जा रहे है, जहां पर मरीज की जान पर खतरा मंडराता रहता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार काजल (29 वर्ष) पत्नी अरविंद निवासी ग्राम बसेड़ा तंगा, थाना नौगांवा सादात को शुक्रवार को देर रात प्रसव पीड़ा होने पर चांदपुर मार्ग पर स्थित नव ज्योति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। लेकिन उसकी मौत हो गयी। परिजन बच्चे को दफनाने गए थे, तभी डॉक्टर की उनके पास कॉल आयी कि जल्द वापस आ जाओ और महिला को खून की जरूरत है। डॉक्टर ने कहा कि उसकी हालत बिगड़ रही है। जिस पर परिजन वापस अस्पताल में पहुंच गये। इसी दौरान महिला की भी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जच्चा व बच्चा की मौत होने से परिवार के सदस्यों के पैरों तले की जमीन खिसक गई। परिवार वालों ने जच्चा व बच्चा की मौत होने पर अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख कर किसी ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार से मामले कि पूरी जानकारी कर अस्पताल पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।



गौरतलब है कि क्षेत्र के इन अस्पतालों में मौतों का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। इन अस्पतालों के झोलाछाप डॉक्टरों को किसी भी बात का डर नहीं है। इन झोलाछाप डॉक्टरों का कहना है कि हमारे ताल्लुकात जनपद के बड़े अधिकारियों से लेकर हर बड़े नेताओं से है। हमारा कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता है। झोलाछाप डॉक्टर अस्पताल खोलकर कई करोड़ रूपए की संपत्ति के मालिक बन चुके हैं। मरीजों को फैसले के नाम पर लाखों रुपए देते हैं। इसके बावजूद इनके उपर कोई फर्क नहीं पड़ता है। नगर में मौजूद इस तरह के अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ आएदिन मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सरकार को इस तरह के अस्पतालों पर लगाम कसने की जरूरत है। पीड़ित परिवार नव ज्योति अस्पताल के मालिक के बीच फैसला होने की उम्मीद बनी हुई है। नगर में जच्चा व बच्चा की मौत चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना यह है कि जनपद के उच्चाधिकारी अस्पताल पर कब कार्रवाई करते हैं।

# कालागढ़ गेट खोलने की मांग

## कार्बेट रिजर्व के निदेशक से मिले ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्रामीणों ने ग्रामी मीरापुर मोदीवाला में कालागढ़ गेट खोलने की मांग की है।

प्रधान सहित ग्रामीणों ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक को ज्ञापन सौंप कर पर्यटन हेतु कालागढ़ द्वार खुलवाने की मांग की है। ग्राम मीरापुर मोदीवाला के प्रधान गुरबचन सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के दल ने डॉक्टर साकेत बड़ोला, कार्बेट टाइगर रिजर्व निदेशक रामनगर से मिलकर प्रस्ताव पत्र सौंपा। पत्र में ग्राम मीरापुर मोदीवाला पंचायत में कार्बेट गेट खुलवाने का प्रस्ताव रखते हुए गेट खुलने से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। पत्र में बताया कि ग्राम मीरापुर मोदीवाला कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से बिल्कुल लगा हुआ है। जिसके चलते लंबे समय से ग्रामीण मानव-वन्यजीव संघर्ष की समस्या से जूझ रहे हैं। आएदिन वन्य जीव के ग्राम में प्रवेश से फसलों की हानि तथा मानव जीवन को खतरे की घटनाएं सामने आती रहती हैं। वहीं समस्या दो गुनी इसलिए भी हो जाती है, क्योंकि हमें दो अलग-अलग राज्यों की सीमा पर होने के कारण अलग अलग प्राधिकरण के पास अपने वास्तविक कठिनाइयों के निवारण हेतु जाना पड़ता है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि झिरना जोन के मूल पर्यटन योजना में प्रवेश द्वार के रूप में कालागढ़ द्वार को ही प्रस्तावित किया गया था। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कालागढ़ प्रवेश द्वार को पर्यटन के उद्देश्य से खोले जाने पर जिप्सी संचालन की कुल संख्या का निर्णय विभाग पर रहेगा। पहले चरण में पांच जिप्सी प्रात: तथा पांच जिप्सी संध्या भ्रमण का प्रस्ताव रखा गया। जिससे इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा वहीं मानव वन्य जीव संघर्ष में कमी के साथ वन्य जीवों के संरक्षण व सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा ग्रामीणों को गाइड सेवा, होमस्टे हस्तशिल्प, लोक संस्कृति प्रदर्शन हेतु रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि रामनगर-कोटद्वार मार्ग खोला जाए। जिससे क्षेत्र वासियों को आने जाने की सुविधा के साथ ही समय भी बचेगा। इसके अलावा अन्य कई बिंद. ुओं पर प्रस्ताव रखे गए। पत्र में कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से शीघ्र स्थल निरीक्षण कराया जाए। जिसमें पर्यटन गतिविधियों के संच. ालन हेतु ग्रामीण सहयोग को तत्तपर हैं।

इस दौरान कैलाश, आनंद सिंह, राजेश सिंह, राजू सिंह, प्रदीप कुमार, प्रभजोत सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## अफजलगढ़ में जितेन्द्र व लोकेन्द्र अरेस्ट

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने मुजफ्फरनगर के थाना जानसठ के हिस्ट्रीशीटर बदमाश लोकेन्द्र नाथ पुत्र चन्द्रपाल निवासी मौहल्ला सराय तुलसीराम एवं मण्डावर के ग्राम मुकीमपुर जमाल उर्फ ईनामपुरा निवासी जितेन्द्र पुत्र भवर सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोकेन्द्र का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

## एक नजर

### किरतपुर में लिए गए नमूने



**किरतपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शिकायत पर दो दुकानदारों के रसगुल्ला और बूंदी के लड्डू के नमूने भर कर जांच के लिए भेज दिए है। खाद्य सुरक्षा विभाग के चीफ संजीव कुमार ने बताया कि मेन बाजार सब्जी मंडी स्थित शाह जमाल स्वीट से बूंदी के लड्डू तथा निसार स्वीट से रसगुल्ला के नमूने ले कर जांच को भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दुक. ानदारों की शिकायत आईजीआरएस पर की गई थी। उन्होंने कहा कि मिलावटी व दूषित खाद्यय सामग्री नहीं बेचने दी जाएगी।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार




**नजीबाबाद।** नगर में पुलिस ने सोशल मीडिया पर मारपीट की वायरल वीडियो से संबंधित एक युवक को एक दिन पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित हिमांशु कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर, थाना नजीबाबाद अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से लुकादड़ी जा रहा था। तभी रास्ते में युवक गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज, सागर पुत्र पीयोम निवासी लालू वाला, थाना नजीबाबाद एवं तीन चार अज्ञात लड़के जो दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और पीड़ित हिमांशु के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और मारपीट का वीडियो बनाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसके बाद युवकों द्वारा मारपीट के वीडियो को वायरल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज पुत्र जसराम निवासी ग्राम लालू वाला, थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

### मोहम्मद दिलशाद नगराध्यक्ष मनोनीत



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने जनपद के नगर स्योहारा में मोहम्मद दिलशाद को नगराध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ा है और उम्मीद जताई है कि मोहम्माद दिलशाद संगठन को मजबूत बनाकर 2027 विधानसभा चुनाव में मजबूत टीम बनाकर सपा को जीत दिलाने का काम करेंगे। पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने स्योहारा के मोहल्ला कस्बा निवासी मोहम्माद दिलशाद को सपा नगराध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर मोहम्मद दिलशाद ने कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसको वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे और नगर में मजबूत संगठन बनाकर सपा को 2027 में जीत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का आभार जताया। इस दौरान पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अफजाल चौधरी, वरिष्ठ सपा नेता महफूज सागर, इस्लामुद्दीन कस्सार, शफीक अहमद शब्ब, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद दानिश, अफजाल उल हक, लाल सिंह कश्यप, संजय पाल सिंह, मोनिस चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सचिन सहित नौ गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में चांदपुर के मौहल्ला चिम्मन का सुरेन्द्र, रेहड़ का फौजी, देशराज सिंह, ओम प्रकाश, अमन व अतुल, बढ़ापुर का बलजीत सिंह व जंगीर सिंह, कोतवाली शहर का सचिन शामिल है।

# मानव जीवन के लिए वृक्ष जरूरी : रविन्द्र

## सेना में जाने के लिए प्रोत्साहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के गंगोत्री ग्लोबल एकेडमी में बच्चों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रात्साहित करते हुए मानव जीवन में वृक्षों के महत्व के विषय में जानकारी दी गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि स्कूली बच्चों के लिए सेना में जाने के कई रास्ते हैं। जिनमें सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों में प्रवेश के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार और चिकित्सा परीक्षणों से गुजरना होता है। आपरेशन सिंदूर एवं पुलवामा अटैक की भी जानकारी दी गई। पूर्व सैनिक रविन्द्र काकरान ने मानव जीवन में पौधों व वृक्षों का मूल्य बताया। उन्होंने बताया कि जीवन में जिस तरह जल का महत्व है, ठीक उसी प्रकार हमारे जीवन में पेड़-पौधों का भी उतना ही महत्व है। उन्होंने कहा कि आज अगर हम सभी लोग पौधारोपण के लिए आगे नहीं आएंगे, तो एक दिन ऐसा समय आएगा कि पृथ्वी से मानव जीवन का अस्तित्व मिट जाएगा। इसलिए सभी लोगों को पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रति गंभीर होना चाहिए।




इस दौरान विद्यालय स्टॉफ के साथ-साथ छात्रों को पौधे भेंट किए गए। उसके बाद विद्यालय परिसर में एक नीम एवं एक पिलखन का पौधा लगाकर बच्चों को उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक पवन शर्मा सहित छात्र मौजूद थे।

## किरतपुर में फैसल गिरफ्तार

**बिजनौर।** 18 जुलाई को वादी ने थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि 17 जुलाई को अभियुक्तगण फैसल पुत्र फुरकान, गुलबाज पुत्र अब्दुल सलाम एवं यासर पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मुगलबेड़ा ने उनकी नाबालिग पुत्री को अश्लील इशारे किए और रास्ता रोक कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फैसल को गिरफ्तार कर लिया है।

## बिजनौर में बिहारी इमरान अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में वादी ने 30 मई को तहरीर दी थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया हैं। शहर कोतवाली में पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी। वाद में धारा 87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस ने अभियुक्त इमरान पुत्र इम्तियाज निवासी ग्राम जीतपुर, थाना छाबड़ा दाना, जनपद मोतीहारी उर्फ चम्पारणपूर्वी, बिहार को गिरफ्तार कर लिया है।

## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रंगढ़पुरा निवासी मोहित (15 वर्ष) पुत्र महेंद्र कक्षा 11 का छात्र था। बताया जा रहा है कि शनिवार को स्कूल से लौटने के बाद दोपहर लगभग दो बजे मोहित ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन उस समय खेत में मूंजी की रोपाई करने गए थे। जब वे घर लौटे तो दरवाजा बंद पाया। किसी अनहोनी की आशंका के चलते दरवाजा तोड़ा गया तो भीतर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए। सूत्रों के अनुसार, किशोर पिछले कुछ समय से पारिवारिक तनाव से गुजर रहा था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामवासियों व आसपास के लोगों ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और परिवार को ढांढस बंधाया।

## युवा अधिवक्ता शहीर परवाज का इंतकाल

### अधिवक्ताओं में शोक

**नजीबाबाद।** नगर के युवा अधिवक्ता शहीर परवाज का बीती रात हार्ट अटैक से अचानक इंतकाल हो गया, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। साथ ही अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी मशहूर शायर मरहूम जलीस नजीबाबादी के बेटे शहीर परवाज (38 वर्ष) नजीबाबाद मुंसिफी में प्रैक्टिस करते थे। बीती शाम उनके सीने में दर्द की शिकायत हुई।

इसके बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत नगर के पूजा हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर देख कर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उन्हें बाहर ले जाने की सलाह दी। मगर परिजनों के कहने पर उन्होंने अस्पताल में ही उनका ट्रीटमेंट शुरू कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही नगर के अधिवक्ता वसीम अहमद, सुल्तान अहमद, कसीम अहमद आदि मौके पर पहुंचे। शनिवार को सुबह दस बजे उनका दफीना किया गया। उनके दफीने में नगर के बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। उनके निधन पर बार एसोसिएशन नजीबा. बाद के सदस्यों ने भारी शोक जताया है।

# सदर तहसील में भ्रष्टाचार पर भड़के किसान

## भाकियू लोकशक्ति ने विरोध में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा किसानों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के द्वारा प्रदर्शन कर धरना दिया गया। किसानों ने कहा कि सदर तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सदर तहसील में भ्रष्टाचार एवं किसानों के साथ बुरा व्यवहार करने के विरोध में जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। वहीं पर मासिक पंचायत आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने कहा कि काफी समय से सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और किसानों से अवैध धन उगाही व अभद्रता की शिकायतें मिल रहीं थी। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी किसानों को कमजोर समझने की भूल न करें। किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्याओं का समाधान कराने के लिए मजबूती से संघर्ष करने पर जोर दिया गया।

पंचायत में किसानों के बीच पहुंचे उप जिलाधिकारी को सदर तहसील में किसानों के साथ हो रहें



अनैतिक दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार से अवगत कराते हुए कड़े शब्दों में ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की निंदा की। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने कहा कि जनपद में किसी भी अधिकारी और कर्मचारी द्वारा अनैतिक तरीके से एक भी किसान का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने उप जिलाधिकारी को किसानों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सभी तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अविलंब लगाम लगाई जाए। किसानों के साथ अनैतिक दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। आदमखोर गुलदारों के आंतक से मुक्ति दिलायी जाए। गुलदार के हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों को 50 लाख रूपये और घायलों को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए आगामी गन्ना पैराई सत्र में 500 रुपए प्रति क्विंटल का भाव घोषित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि जब सरकार द्वारा नलकूपों की बिजली फ्री कर दी गयी है, तो उसके बाद किसानों के नलकूपों पर मीटर क्यों लगाए जा रहे हैं। नलकूपों पर लगाए जा रहे मीटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए। सहकारी समितियों में ब्याज की दर में बढोत्तरी से किसान पर कर्ज का बोझ बढेगा। किसान हित में इस फैसले को वापस लेकर पुरानी दरों को ही लागू किया जाए। किसान हित में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। खेतों में खड़ी फसलों को आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु एग्रीकल्चर सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार भी मिलेगा और फसलों की सुरक्षा भी हो जाएगी। किसानों को 24 घंटे फ्री निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। 60 वर्ष से ऊपर के किसानों व मजदूरों को जीवन यापन हेतु 10 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाए। किसानों पर बैंकों के सम्पूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। सभी टोल प्लाजा पर किसानों को फ्री आने जाने की सुविधा प्रदान की जाए। फसलों की सिंचाई के लिए नहर व रजवाहों के टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। खादर क्षेत्र में बालावाली से रावली तक गंगा कटान को रोकने के लिए पक्का तटबंध निर्माण किया जाए। स्कूलों में बच्चों की फीस व ड्रेस सहित किताबों आदि की दर पर लगाम लगायी जाए। जनपद में अवैध मिट्टी खनन को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। ज्ञापन में कई अन्य मांगें भी उठाई गई।

प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, जग्गन अली, चौधरी सतबीर सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह, रामबहादुर सिंह गहलौत, योगेंद्र सिंह काकरान, गौरव चौधरी, प्रदीप राणा, मनोज कुमार, रामकुमार सिंह, डॉ. अरूण कुमार, मूला सिंह, नरेश नेता, सुखवीर सिंह, अमित राजपूत, रामअवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, नरेश मास्टर, अजयपाल सिंह, सरदार जरनैल सिंह, नरेश कुमार, मुव्वशीर वेग, अकरम अली, मूला सिंह, राहुल कुमार, हुकुम, विनीत मास्टर, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, अमर सिंह, सामत रजा सहित बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करणी सेना के उपेन्द्र राणा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा के दिए गए विवादित बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिला विरोधियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

पूर्व सपा जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि करणी सेना कभी दलित सपा सांसद के घर पर हमला बोलती है और उनके काफिले पर पथराव किया जाता है। इसी क्रम में अब करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा ने कैराना की सांसद इकरा हसन को लेकर महिला विरोधी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज के ठेकेदार बने इन समाज विरोधियों ने माहौल खराब करने का ठेका ले रखा है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा बना रहना चाहिए और बहन बेटियों की इज्जत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी समाज की बहन बेटियों की इज्जत की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कट्टर हिंदुओं के बीच सहानुभूति हासिल करने के लिए करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपेन्द्र राणा ने जो बयान दिया है, वह पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एवं जनप्रतिनिधियों को पार्टी से ऊपर उठकर इसका विरोध करते हुए उपेन्द्र राणा को सख्त से सख्त सजा दिलवानी चाहिए। ताकि फिर कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि हिन्दू बहन बेटियां भी उनके लिए अपनी बहन बेटियों जैसी है।



**महिलाओं की गरिमा व इज्जत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# संपूर्ण समाधान दिवस में 70 शिकायतें दर्ज

## जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील चांदपुर के डबाकरा हॉल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके।

उन्होंने कहा कि आज उनके सबसे अधिक सम्मुख राजस्व एवं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत को को निर्देश दिए गए हैं। सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए ताकि इनकी पुनवृत्ति न होने पाए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 70 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 07 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, क्षेत्राधिकार पुलिस, तहसीलदार, जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अविवाहिता बनी मां, परिजनों ने नवजात बच्चे को जिन्दा दफनाया

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में इंसानियत को शर्मसार कर चौंकने वाला मामला पेश आया। अविवाहित युवती द्वारा गर्भ के सात माह बाद एक बालिका को जन्म देने के बाद समाज में लोकलाज के डर से परिजनों ने जिन्दा बालिका को दफन कर दिया। सूत्रों की मानें तो समीपवर्ती एक गांव में अवैध सम्बन्धों के कारण अविवाहित युवती ने गर्भधारण के सात माह बाद एक बालिका को जन्म दिया। युवती के परिजनों ने आनन-फानन में नवजात बालिका की सांस चल रही थी, जिसे जिंदा ही दफना दिया गया। उक्त घटना का क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि मोबाइल में बढ़ती अश्लीलता के कारण युवा वर्ग का स्तर गिरता जा रहा है जिससे समाज में भारी गिरावट आ रही है।

# गली- मौहल्लों में चल रहा सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** सावान का पवित्र महीना चल रहा है। इस महीने में हर साल की तरह इस साल भी ग्राम प्रधान फरहाना परवीन के पति अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी ने ताजपुर के हर गली-मौहल्लों में साफ-सफाई अभियान चला रखा है।



मौहल्ला सैनी धर्मशाला मंदिर चौक बाजार शिव मंदिर नई बस्ती खलियापार खद्दर बाजार की तरफ साफ सफाई कराई जा रही है। सावान का महीना है। इस महीने में शिव जी के भक्त कांवड़ लेकर हरिद्वार से पैदल कांवड़ लेकर अपने-अपने घर वापस लौट कर मंदिरों में जल चढ़ाते हैं। मंदिरों पर जल चढ़ाने वालों में महीलाओं की अक्सर लम्बी-लम्बी कतारें लगी रहती है। ग्राम प्रधान पति हाजी शमशाद सभी धर्मों के त्यौहारों पर साफ सफाई का ख्याल रखते हैं। उनकी इस पहल से हर कोई उनकी तारीफ करता हुआ। नजर आ रहा है। कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। उनके घर के दरवाजे हर वक्त गरीबों, बेसहारों के लिए खुलें रहते हैं। इस मौके पर शाहरुख फरीदी, हाजी शमशाद फरीदी, पंचायत सदस्य अफजाल फरीदी, मास्टर सलीम अहमद आदि मौजूद थे।

# विधायक ने बिजली अधिकारियों को बुला कर समस्याएं रखीं

## आगामी योजनाओं में होगा समस्याओं का निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद ने शनिवार को अपने कार्यालय पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता नजीबाबाद से मुलाकात की।

विधायक ने दोनों अधिकारियों से नजीबाबाद तथा आसपास क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति से संबंधित ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, कई स्थानों पर नए ट्रासंफार्मर रखवाने, एबीसी कंडक्टर वायर को चेंज कराने, भागूवाल तथा आदर्शनगर फीडर भवन का नव निर्माण कराने, जालपुर तथा जलालाबाद में नए फीडर बनाए जाने, कई आबादी क्षेत्रों में विद्युतीकरण कराने सहित अनेक विद्युत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा इन कार्यों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में नए प्रस्ताव में शामिल करने को कहा। अधीक्षण अभियंता ने विधायक को आश्वासन दिया है कि आगामी योजनाओं में उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु वह जल्द ही शासन से स्वीकृति प्राप्त करेंगे।

# लाभांश भुगतान में देरी से कोटेदारों में गुस्सा

## तीन दिवसीय हड़ताल का एलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राज्य सरकार की अनदेखी से नाराज कोटेदारों ने आगामी राशन वितरण बहिष्कार की चेतावनी दी है। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के बैनर तले शनिवार को कोटेदारों ने उपजिलाधिकारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया।



कोटेदारों ने बताया कि प्रदेश में खाद्यान्न वितरण पर रूपए 90 प्रति क्विंटल का लाभांश निर्धारित है, जबकि कई अन्य राज्यों में यह रूपए 200 प्रति क्विंटल या न्यूनतम रूपए 20,000 मासिक तक मिलता है। बावजूद इसके, पिछले छह महीने से यूपी में कोटेदारों को लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि बिना लाभांश भुगतान के राशन वितरण कर पाना अब संभव नहीं है। ऐसे में कोटेदारों ने निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे 20 अगस्त से शुरू हो रहे खाद्यान्न वितरण कार्य में भाग नहीं लेंगे।

कोटेदारों ने यह भी मांग की कि लाभांश राशि समयबद्ध और नियमित रूप से दी जाए, ताकि वे पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचा सकें।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष शेर सिंह, राकेश कुमार, नीरज कुमार, राजेश कुमार, शिशुपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, शकील अहमद, बाबू सिंह, प्रशांत कुमार, इकबाल अहमद सहित दर्जनों कोटेदार मौजूद रहे। उन्होंने सरकार से जल्द कोई ठोस निर्णय लेने की अपील की है, अन्यथा वे आंदोलन तेज करने पर मजबूर होंगे।

# एक दर्जन महिलाओं व पुरुषों पर मुकदमा दर्ज

## राजस्व विभाग की टीम ने किया मौके का मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सिविल न्यायालय के आदेश के बावजूद थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचन्द में रास्ता के विवाद में पिलर व बुनियाद उखाड़कर निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में एक दर्जन से अधिक पुरूष व महिलाओं पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम सीरवासुचन्द निवासी अमीर हुसैन पुत्र अब्दुल रहीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी काश्त की आराजी ग्राम सीरवासुचन्द स्थित खसरा नं आठ में वाका है। जिसका वह मालिक काबिज है। उक्त भूमि सिविल न्यायालय नगीना के आदेश व जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी की आख्या के अनुसार हल्का लेखपाल ने पुलिस की मौजदूगी में भूमि की पैमाइश के बाद निशानदेही कर दो जून को पिलर गाड़कर खड़े करा दिए थे। पीड़ित उक्त भूमि में तीन जुलाई 2025 को पिलर के अन्दर बुनियाद भर रहे थे। तभी वहां पर दबंग व्यक्ति कई पुरूषों व महिलाओं को लेकर आये और गाली-गलौच करने लगे। उन व्यक्तियों में सरफराज, शहजाद, शाने आलम पुत्रगण रईस अहमद, नासिर पुत्र शफीक, नसीम पुत्र कलवा, शादाब पुत्र अलीहसन, अखलीमा पत्नी अलीहसन, मुबारिक पुत्र अब्दुल माजिद, वसीम पुत्र कलवा, मोहसीना पत्नी शाहिद, राबिया पत्नी कलवा, रियाजुद्दीन पुत्र नत्थू, सुहेल पुत्र नसीम तथा कई अज्ञात महिलाएं व पुरूष जो सभी जो सभी सीरवासुचन्द के निवासी है। उन्होंने बुनियाद को उखाड़ दिया व लेखपाल द्वारा लगवाये गये पिलर तोड़ दिये। उसमें से मोहसिना पत्नी शाहिद कहने लगी कि तुम पर रेप का झूठा केस दर्ज कराऊंगी। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई कि उक्त व्यक्तियों से मेरी जान माल को खतरा बना हुआ है तथा वह कभी भी मुझे झूठे मुकदमे में फसां सकते है। जबकि उक्त भूमि से संबंधित एक वाद सिविल न्यायालय में चल रहा था। जिसका फैसला उसके पक्ष में आया है। ऐसा करके उपरोक्त व्यक्तियों ने कानून व न्यायाल का उल्लंघन किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहसील का आधार पर उपरोक्त सभी पुरुष तथा महिलाओं के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शुक्रवार को अपराह्न राजस्व विभाग की टीम तथा पुलिस क्षेत्राधिकार अफजलगढ़ राजेश कुमार सोलंकी व थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का मुआयना किया।

# डबाकरा हॉल में ग्राम पंचायतों की बैठक

## फैमिली आईडी और स्वच्छता फीडबैक को लेकर सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** विकास खंड अफजलगढ़ के डबाकरा सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ पंचायत) ललित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सहायकों, सफाई कर्मचारियों, ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और तकनीकी सहायकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।



बैठक में ग्राम पंचायतों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य न होने पर एडीओ पंचायत ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पंचायतों में फैमिली आईडी के आवेदन पूर्ण कराए जाएं तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए सिटिजन फीडबैक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हो रही है, वहां संबंधित सचिवों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों से अपील की गई कि वे अपने-अपने ग्रामों में फैमिली आईडी आवेदन और स्वच्छता फीडबैक को लेकर ग्रामीणों में अधिक से अधिक जागरूकता और प्रचार-प्रसार करें। बैठक के अंत में एडीओ पंचायत ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों में लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तरीके से विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करें।

# मंडी समिति सचिव से विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की

## नए लाइसेंस के लिए भी ऑनलाइन फीस जमा करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद के एक प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में मंडी समिति कार्यालय पहुंचकर समिति के सेक्रेटरी सचिव शर्मा से शिष्टाचार भेंटकर विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की।

पुराने लाइसेंस ने नवीकरण के लिए उन्होंने बताया पोर्टल पर फीस जमा करके लाइसेंस का नवीकरण हो जाएगा। नए लाइसेंस के लिए भी ऑनलाइन फीस जमा हो जाएगी। किसी भी व्यापारी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। व्यापारियों ने कहा बेवजह किसी भी व्यापारी को परेशान ना किया जाए। संगठन अपना पूरा सहयोग विभाग एवं सरकार को देने के लिए हर समय तैयार है। प्रतिनिधिमंडल में संजीव अग्रवाल, कमल बंधु, अजय अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, विष्णु चंद, सौरव अग्रवाल, मौहम्मद आदिल, अनूप अग्रवाल, शक्ति गर्ग, संजय राजपूत, नीरज सिंघल आदि व्यापारी शामिल रहे।

# अभद्र व्यवहार के विरोध पर मारपीट, कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम नांगलजट में एक महिला के साथ गांव पड़ोसी के कुछ युवकों ने अभद्र व्यवहार किया। महिला द्वारा इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा महिला का बचाव करने मौके पर पहुंचे उसके पति और जेठ के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। गांव नांगल जट निवासी बबीता शर्मा ने पुलिस को की तहरीर में कहा कि वह शनिवार की सुबह करीब दस बजे अपने घर पर थी। पड़ोस के रहने वाले आशीष कुमार और धर्मेंद्र ने उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे जब महिला ने इसका विरोध किया, तो उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। शोर सुनकर महिला का पति मुकेश कुमार और उसके जेठ राकेश मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने महिला का बचाव किया, तो आरोप है कि उनके साथ भी लाठी डंडों से मारपीट की। जिसमें मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# दरोगा के बेटे ने की आत्महत्या

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एक दरोगा के बेटे की संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि दो दिन से घर में अकेले रह रहे दरोगा के बेटे ने आत्महत्या कर ली। युवक के पास से सुसाइड नोट भी मिलने की बात कही जा रही है।



गुरुवार को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के दरियापुर में सेल्स टैक्स कार्यालय के निकट रहने वाले एंटी करप्शन मुरादाबाद यूनिट में तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार के 23 वर्षीय बेटे बबलू ने गुरूवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के अंदर ही आत्महत्या कर ली। गांव में रहने वाली महिला जब दरोगा के घर में काम के लिए गई, तो वहां कोई नहीं था। जब वह घर के कमरे में गई तो वहां दरोगा का बेटा बबलू खून से लथपथ अवस्था में नीचे पड़ा हुआ था। महिला ने इसकी जानकारी तुरंत दरोगा विजय कुमार को दी। सूचना मिलते ही दरोगा के परिवार में कोहराम मच गया। कुछ समय बाद परिजन मौके पर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार युवक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है।

घटना के बाद मौके पर क्षेत्र के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई है।

आनन-फानन में परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने इस बारे में कुछ भी बताने से इंकार किया है।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने बछड़े को मार डाला



## खूंखार कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुत्तों का आतंक लगातार जारी हैं आए दिन खूंखार आवारा कुत्ते इंसानों व पालतू पशुओं पर हमले कर रहे हैं। बीती रात आवारा कुत्तों के एक झुंड ने घेर में बंधे एक गाय के बछड़े को नोच कर मार डाला।

नगर के मौहल्ला किला निवासी जगदीप सिंह पुत्र केहर सिंह शुक्रवार की रात्रि रोज की तरह अपने पालतू पशुओं को पशुशाला में बांध कर अपने आवास पर सोने चला गया। रात्रि में किसी समय आवारा कुत्तों के एक झुंड ने पशुशाला में घुस कर गाय के एक बछड़े पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से नगर में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक की कक्षाओं को तीन वर्गो में विभाजित करते हुए क्लास डेकोरेशन, सफाई व्यवस्था, डिस्प्ले बोर्ड, थीम विषय को समझने की क्षमता, अनुशासन व छात्रों के प्रस्तुतिकरण आदि के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्ग जूनियर ( कक्षा 1 से 8), व सीनियर (कक्षा 9 से 12) में विभाजित करते हुए आयोजित की गई। जिसमें जूनियर वर्ग से कक्षा 1 (ब), 3 (अ) ने प्रथम, कक्षा 2 (ब), 3 (ब) ने द्वितीय व कक्षा 1 (अ) ने तृतीय, कक्षा 4 (अ) ने प्रथम कक्षा 6 (अ) ने द्वितीय, कक्षा 4 (ब) कक्षा 5 (अ) ने तृतीय स्थान, कक्षा 8 (अ) प्रथम, कक्षा 7 (ब) द्वितीय, कक्षा 7 (अ) तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सीनियर वर्ग से कक्षा 12 (पीसीबी) ने प्रथम, कक्षा 10 (अ) ने द्वितीय एवं 12 (कॉमर्स एवं मानविकी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में ''कर के सीखने'' की प्रवृत्ति को बल मिलता है। जिससें उनके बीच बौद्धिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गुणों का विकास होता है। प्रतियोगिता का निर्णय निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षक अनुज कुमार व रनबीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर अध्यापक अमित शर्मा, मोनोजीत विश्वास, ललित कुमार, महबूब आलम, सचिन कुमार, फरजाना खातून, त्रिमोहन गंगोत्री, दयानन्द सिंह, पवन सैनी, चित्रा कौशल, शना परवीन, स्वाति भारद्वाज, चारू सिंह, नेहा मेहरोत्रा, मोनिका शर्मा, निशात मिर्जा, विनसी चौधरी, अंजली रानी, नाजिया सलमानी, विनीता देवी, पूनम मेहरोत्रा, रनदीप बग्गा, वर्षा चौहान, शाहीन परवीन आदि उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं गई समस्याएं

## कई शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और कुछ मामलों को संबंधित विभागों को भेजा।



एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मौके पर आई कई शिकायतों पर टीम बनाकर जांच करने और कार्यवाही की बात कही गई। इस मौके पर एसडीएम नगीना आशुतोष जायसवाल व तहसीलदार आशीष सक्सेना के अलावा तहसील क्षेत्र के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र परवेज मुशर्रफ से पिता पुत्र का सम्बंध समाप्त करता हूं और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मैं अपने पुत्र परवेज मुशर्रफ के किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं रहूंगा। **-मौ. इस्माईल पुत्र इब्राहीम मौहल्ला सतियान, कस्बा व थाना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपनी पत्नी तसलीमा, पुत्र गुलफाम, दिशान व पुत्री गुलसबा निवासी ग्राम करौन्दा चौधर, हाल निवासी ग्राम कादीपुरा, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरी मृत्यु के बाद मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्ति में मेरे पुत्र या पुत्री या पत्नी उपरोक्त या उसके परिवार वालों का कोई हिस्सा नहीं होगा। मेरे या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का तसलीमा, गुलफाम, गुलसबा, दिशान व उसके परिवार वालों से कोई ताल्लुक-वास्ता नहीं होगा। **फुरकान पुत्र भूरे निवासी ग्राम करौन्दा चौधर, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में चार घायल







**नजीबाबाद।** नजीबाबाद कोटद्वार रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप दो मोटर साइकिल की टक्कर के दौरान चार घायल हो गए, जिसमें से तीन की हालात सीरियस देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया है। मोहल्ला रम्पुरा निवासी दो युवक मोहम्मद फराज (25 वर्ष) पुत्र वाजिद निवासी रम्पुरा, शादान (26 वर्ष) पुत्र सरफराज निवासी रम्पुर एक मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। सामने से आ रहे लुकादडी निवासी दिलशाद अपनी 9 वर्षीय पुत्री रेशमा के साथ मोटर साइकिल पर थे। दोनों मोटर साइकिलों की आपस में सामने से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे मोहम्मद फराज, शादान व रेशमा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं दिलशाद (40 वर्ष) के हल्की चोट आई। घटना चीनी मिल के पास रेलवे क्रॉसिंग समीपुर में बीती रात्रि 8:00 बजे की है

### खाटू श्याम बाबा की विशाल भजन संध्या



**धामपुर।** खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजनों के माध्यम से खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया गया। गुलमोहर मंडप के हाल में आयोजित खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भजन गायको ने खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया। इस अवसर पर पंडित विकास वशिष्ठ द्वारा भजन, हारे का सहारा खाटू श्याम बाबा हमारा, बना है सबका सहारा, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। सूर्यकांत सुमन, हरिकांत सुमन, दमयंती सुमन, हिमानी सिंह, ओजस्वी चौहान, मानसी, प्रशांत, शेखावत, कर्नल सुभाष कुमार, नूतन सिंह, संध्या सिंह, दीप दर्शन, नेहा राणा, वीर राणा आदि शामिल रहे।

### स्कूल व हाउस कैप्टन का चयन




**राजा का ताजपुर।** स्योहारा रोड पर अक्ष इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल कैप्टन तथा हाउस कैप्टन का चयन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्रा वर्ग के अलग-अलग हाउस के लिए दायित्व सौंपे गए तथा कर्तव्यशील निष्ठावान होने के लिए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। शनिवार को छात्र वर्ग से हिमांक राणा व छात्रा वर्ग से गौरवी शर्मा को स्कूल कैप्टन एवं कप्तान मोहम्मद शाद को चुना गया। हाउस कैप्टन के लिए कलाम हाउस में प्रियांशु, हैदर, हंसिका, रिया। टैगोर हाउस में शाद, हमजा, सादिया, शिफा। टेरेसा हाउस में अल्सेफ, मयंक, नौसबा ,फरिहा। नेहरू हाउस में आयुष, अब्दुल रहमान, यशिका, आरजू को कप्तान एवं वाईस कप्तान चुना गया। चयनित पदाधिकारी को मैनेजिंग डायरेक्टर गुलफाम अहमद, सोहेल आलम, शाहबाज आलम ने बैच लगाकर पद व गोपनीयता के शपथ दिलाई। निवर्तमान पदाधिकारी को ध्वज प्रदान कर कार्यभार सौपा गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत चौधरी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### धर्म और अधर्म के महत्व पर प्रकाश डाला



**शेरकोट।** श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक आचार्य हनु उपाध्याय ने धर्म और अधर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजा परीक्षित और ऋषि शुकदेव के संवाद के माध्यम से समझाया कि धर्म के पालन से मोक्ष की प्राप्ति होती है, जबकि अधर्म के मार्ग पर चलने से दुख और कष्ट भोगने पड़ते हैं। शिव मंदिर दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करते हुए कथा वाचक आचार्य हनु उपाध्याय ने बताया कि कलियुग में अधर्म, पाप और अज्ञान का बोलबाला होता है। इस युग में धर्म का पतन होता है और लोग स्वार्थ और वासना की ओर प्रवृत्त होते हैं तथा श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है और वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेते हैं। इस कथा के माध्यम से लोगों को जीवन के सही मार्ग की जानकारी मिलती है और वे धर्म के अनुसार जीने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर यजमान विनीत त्यागी और उनकी पत्नी आरती त्यागी, रंजीत सिंह, पदम सिंह चौहान, सर्वेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात युवक का शव मिला



**भागूवाला।** ग्राम भागूवाला निवासी अमित पुत्र जागन सिंह शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे अपने खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में बिजलीघर के सामने स्थित मार्केट के पीछे खेतों के पास उनकी नजर एक शव पर पड़ी। शव देखकर वे घबरा गए और तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना मंडावली प्रभारी निरीक्षक राम प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ कराई गई, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर गुलाबी रंग की बनियान और नीले रंग की पैंट पहनी हुई थी। शरीर पर कोई स्पष्ट बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही की जा सकेगी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं मामले की जांच जारी है और आस-पास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को भी खंगाला जा रहा है।

### सांप के काटने से वृद्धा गंभीर

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम हसूपुरा निवासी फूलवती (65 वर्ष) अपने खेत पर काम कर रही थी। तभी अचानक जहरीले सांप ने डस लिया। परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां पर फूलवती जिंदगी मौत के बीच संघर्ष कर रही है। परिवार वालों की चिंता बढ़ रही है। परिवार के लोग सपेरों से भी इलाज कराने का मन बना रहे हैं।

# नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना नेशनल हाईवे पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार बेहद तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। बाइक सवार युवकों को सामने से रौंदते हुए कार आगे निकल गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक कई मीटर दूर जाकर गिरे। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वीर सिंह पुत्र रामचंद्र निवासी गांव पूरनपुर, थाना रायपुर सादात के रूप में हुई है। अन्य दो घायलों के नाम हिमांशु पुत्र सतीश और पियूष पुत्र सुशील निवासी ग्राम हैजरपुर, थाना नगीना बताए जा रहे हैं। दोनों की स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। मौके पर भारी भीड़ जुट गई और परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल में महिला मरीज की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद नगर के आरसीपुरम कालोनी के सामने एक अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत होने से अस्पताल संचालकों पर आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा किया।

नगर में आरसीपुरम कालोनी के सामने सिटी अस्पताल में एक महिला की प्रसव के तीन दिन बाद मौत हो गई। बताया गया कि ग्राम रजपुरा नगीना देहात निवासी मोहित की पत्नी शीतल को तीन दिन पूर्व अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि शीतल की हालत काफी बिगड़ गई थी। चिकित्सकों की लापरवाही से उसकी मौत हो गई। परिजनों को सूचना दिये बिना अस्पताल की ओर से एम्बुलेंस में मृतका को गांव पहुंचा दिया गया। कुछ देर बाद गांव के भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और सड़क पर जाम लगा दिया। शिकायत पर सीएमओ भी मौके पर पहुंचे और अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई। हंगामा होता देख कर अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। बताया कि नवजात बच्ची की हालत ठीक नहीं है। परिजनो की ओर से पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है।

बता दें कि आएं दिन नजीबाबाद शहर में इस प्रकार की घटनाएं होना आम बात हो गई है। अभी दो दिन पूर्व भी हरिद्वार मार्ग पर स्थित ईवा हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी लेकिन समझौता कर मामले को शांत कर दिया गया था। चिकित्सा विभाग द्वारा ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं की जाती है। यदि कार्यवाही हो भी जाती है तो कुछ समय बाद फिर से अस्पताल खुल जाते हैं। आखिरकार चिकित्सा विभाग की मिलीभगत से ही इस प्रकार के अस्पताल चल रहे हैं। चिकित्सा विभाग को ऐसे अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि गरीब तबके के लोगों को अपनी जान गंवाने से बचाया जा सके।

## गांव में शव पहुंचते ही छा गया मातम का माहौल

### नम आंखों के बीच अचित का अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अफजलगढ़ नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी अचित पुत्र राम किशोर का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह लगभग 9:00 बजे भूतपुरी श्मशान घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में नगरवासियों की भारी भीड़ रही और गमगीन माहौल में युवक को अंतिम विदाई दी गई।

मृतक अचित शुक्रवार को अपनी बीमार मां के लिए दवा लेने बाइक से धामपुर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम मुबारकपुर कुंडा के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अचित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। शुक्रवार शाम करीब 7:45 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा, जहां मातम का माहौल छा गया। शनिवार सुबह भूतपुरी श्मशान घाट पर अचित का अंतिम संस्कार किया गया, जहां नगर के लोग मौजूद रहे। हर आंख नम थी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि अचित की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी और उसका डेढ़ साल का बेटा है। चार वर्ष पूर्व बड़े भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। उस घटना के बाद से मां मानसिक रूप से बीमार चल रही थीं। अब छोटे बेटे की मौत ने पूरे परिवार को अंदर से तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने रोडवेज बस चालक की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार बताया और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से धामपुर मार्ग पर रोडवेज बसों की रफ्तार नियंत्रित करने की मांग भी की है।

पुलिस का कहना है कि अगर परिजनों ने तहरीर दी तो मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लैकमेलिंग की आरोपी महिला पुलिस के हवाले

## लेखपाल की शिकायत पर एसडीएम ने आरोपी महिला को पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील समाधान दिवस के दौरान उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक महिला लेखपाल ने एक संदिग्ध महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत उपजिलाधिकारी से की। लेखपाल का आरोप था कि महिला उन्हें लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रही है और दबाव बनाकर कार्य कराने के लिए डराने-धमकाने का प्रयास कर रही है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी रितु रानी ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तहसील परिसर में ही बुलाकर पूछताछ की। संतोषजनक उत्तर न मिलने और व्यवहार संदिग्ध पाए जाने पर एसडीएम ने महिला को तत्काल पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला नहटौर क्षेत्र की निवासी है और लंबे समय से तहसील परिसर में सक्रिय रही है। तहसील कर्मियों के अनुसार वह फरियादियों से संपर्क कर उनके कार्यों को जल्द निपटवाने का झांसा देकर अवैध रूप से धन वसूलती थी। यह भी बताया जा रहा है कि वह पूर्व में तैनात एक तहसीलदार के कार्यकाल से ही ऐसे कार्यों में संलिप्त रही है।

शनिवार को समाधान दिवस के दौरान उक्त महिला एक बार फिर लेखपाल कक्ष में पहुंची और कथित रूप से उन्हें परेशान करने लगी। इससे तंग आकर महिला लेखपाल ने तत्काल एसडीएम को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

तहसील कर्मचारियों ने बताया कि उक्त महिला की गतिविधियों से न केवल कार्य में बाधा आती थी, बल्कि तहसील की गरिमा भी प्रभावित हो रही थी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तहसील परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले ऐसे लोगों पर निगरानी रखी जाए और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जा सकें। कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान ने बताया कि आरोपी महिला के विरुद्ध आवश्यक धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# मोटा महादेव मंदिर पर पुलिस ने किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली/नजीबाबाद।** मोटा महादेव मंदिर परिसर में पुलिस परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर/ग्रामीण) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनका कुशलक्षेम जाना गया एवं उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। कांवड यात्रा के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं कांवडिया/ श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा हेतु की गयी पुलिस व्यवस्था /रूट डायवर्जन के सम्बंध में एसपी अभिषेक झा ने मीडिया को जानकारी दी।

# हादसे के बाद जागा आरटीओ विभाग

### शेरकोट में तीन व धामपुर में दो स्कूली बसें सीज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** स्कूली बस हादसे के बाद आरटीओ विभाग ने स्कूल बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने शेरकोट के दो स्कूलों की तीन बसों को सीज कर दिया है, जिनके कागजात पूरे नहीं थे। इसके अलावा धामपुर में भी दो बसें सीज करने से स्कूली बस संचलाकों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को नया गांव-नंदगांव मार्ग पर किसी वाहन से बचाने के चक्कर में स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें कई बच्चे घायल हो गए थे। जिसको लेकर मीडिया ने समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित करने के बाद शनिवार को आरटीओ विभाग ने स्कूल बसों के खिलाफ अभियान चलाकर कई बसों को सीज कर दिया। एआरटीओ गौरी शंकर ठाकुर ने कहा कि स्कूल बसों के कागजात पूरे होने चाहिए और वे सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो बसें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करेंगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ विभाग का उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और जो बसें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करेंगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### गुलाब सिंह में पोस्टर प्रतियोगिता



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह पर पोस्टर चस्पा किये गये। कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा जागरूकता समिति के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार द्वारा किया गया। सन्नी कुमार ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं और मोटरसाइकिल पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सड़क सुरक्षा अभियान को सरकार का एक अच्छा कदम बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि विद्यार्थी स्वयं नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार तथा अड़ोस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर दिनेश सिंह, डॉ. अखिलेश, डॉ, साजिद अंसारी, डॉ. कुलदीप, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामविलास यादव, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सुलेमान, डॉ. देवेश कुमार, अरविंद गौतम, डॉ. मीनाक्षी चौहान. डॉ. संतोष देवी आदि शिक्षकगण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोहम्मद असलम अंसारी का इंतकाल



**चांदपुर।** मोहल्ला मुफ्तीसराय निकट लाल मस्जिद निवासी जमात से जुड़े बुजुर्ग मोहम्मद असलम अंसारी के निधन पर अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी रजिस्टर्ड कार्यकर्ताओं ने एक शोकसभा की, जिसमें मौलाना मोहम्मद असलम अंसारी बुजुर्ग दीन ए इस्लाम के इन्तकाल पर अपने गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं की। मोहल्ला चाहसंग स्थित सोसायटी कार्यालय पर हुई शोकसभा में हाजी मोहम्मद इल्तिफात सैफी, गुफरान अहमद, इरफान अहमद, मोहम्मद शरीफ नाजिर, मोमिन अली, खुर्शीद अख्तर, मोहम्मद फैज, डा. मोहम्मद शुएब, डॉ. फैजान, मोहम्मद शाजी, नादिर बेग एडवोकेट, अब्दुल रहमान, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद कामरान, महताब अहमद, आबिद खान, मोहम्मद इफ्तेखार, खुर्शीद अख्तर, मोहम्मद मोहसिन अली, मोहम्मद शरीफ नजीर आदि मौजूद रहे। शोकसभा में हाजी मोहम्मद इल्तिफात ने मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं कराई। उधर आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर, शिक्षक काजी फिरोज अहमद, मास्टर रिजवान अख्तर, नगर पालिका परिषद बोर्ड अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी मसूद उल हसन उर्फ असद मियां, मास्टर शमीम अहमद, हाफिज मोहम्मद फारूक, हाजी अफजल कुरैशी, हाजी जकावत अली जैदी ऑटो मोबाइल वाले, हाजी अनीस कुरैशी (कुरैशी ऑटोमोबाइल्स), नजमुल हसन रिजवी, शेख रईस अहमद (सभासद पति), बसपा वरिष्ठ नेता डॉ. शकील हाशमी, अकील अंसारी बसपा जिला उपाध्यक्ष, मोहसिन भूटानी, वसीम बॉडी बिल्डर, सैय्यद कौसर अली आदि ने भी जमात से जुड़े मोहम्मद असलम अंसारी के इन्तकाल पर अपने गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं की है।

### अजगर पकड़कर वन विभाग को सौंपा



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम कंदला शाहकोट निवासी सुनील पशुओं के लिए जंगल में चारा काट रहा था। तभी एक अजगर सांप उसके पैरों के पास आ गया। जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर एकत्रित ग्रामीणों ने अजगर को कट्टे में बंद कर लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, लेकिन टीम कई घंटों बाद मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने अजगर को अपने कब्जे में ले लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अजगर लगभग 12 फिट लंबा था।

### ऋतु के सिर सजा तीज क्वीन का ताज



**नगीना।** प्रगति किट्टी क्लब नगीना द्वारा नगीना धामपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट में तीजोत्सव का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था श्रीमती सुमन सिंह एवं उनकी पुत्रवधु शुभांगी द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रकार की क्विज प्रतियोगिताएं एवं गेम्स का सभी ने खूब मनोरंजन किया। साथ ही एक गेम के माध्यम से ऋतु गर्ग को तीज क्वीन चुना गया और तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। इस दौरान आयोजित कई अलग-अलग प्रतियोगिताओं में क्लब की सभी सदस्यों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम में नगर समाज सेविका आशा माहेश्वरी, नीलम पारस, स्वाति, सरिता, ऋतु गुप्ता, नीलम साहू, कंचन अग्रवाल, मीनाक्षी, दीपा मित्तल, पूनम, किरन, प्रीति बंसल ने सावन के गीत गाए एवं कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की और स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। सभी ने ऋतु गर्ग की भरपूर प्रशंसा कर मुबारकबाद दी।

### डी.फार्मा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा







**बिजनौर।** बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन लखनऊ द्वारा डी. फार्मा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया की कृष्णा फार्मेसी कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें डी. फार्मा. प्रथम वर्ष की छात्रा मरियम परवीन ने सर्वाधिक 74.85% प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सुगंधा त्यागी 74% प्रतिशत पर रही एवं स्नेहा ने 73.71% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी।

# विकास खंड में खर्च हुए पैसे की डीएम ने मांगी जानकारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से विकास खंड गुन्नौर का निरीक्षण किया। कार्यालय और अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर डीएम ने गत तीन वर्ष में किस मद में कितना पैसा खर्च हुआ इसका ब्यौरा देने के निर्देश दिए।

रविवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण कर कार्यालय की व्यवस्थाओं को चेक किया। जबकि विकास खंड अधिकारी और एडीओ पंचायत के कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा खण्ड विकास अधिकारी आवास तथा विकासखण्ड के सम्पूर्ण परिसर की चाहर दीवारी पर इलेक्ट्रिक फैंसिंग कराने और सभागार कक्ष एवं अभिलेखागार कक्ष के निर्माण को लेकर दिशा निर्देश दिए। एडीओ

## जिलाधिकारी ने किया गुन्नौर विकास खंड का निरीक्षण

पंचायत कार्यालय के निर्माण को प्राथमिकता पर रखने के साथ गत तीन वर्ष में कितना पैसा किस मद में खर्च हुआ है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए विकासखण्ड परिसर की लेखपाल के द्वारा पैमाईश कराने के निर्दश के साथ परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। विकासखण्ड परिसर से होकर गुजर रही हाईपरटेंशन लाइन को सही कराने, परिसर में साफ सफाई एवं पौधारोपण कराने के अलावा विकास खंड परिसर में स्थित मंदिर के दर्शन कर डीएम ने सम्बंधित को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश,खण्ड विकास अधि कारी गुन्नौर कमल कांत तथा खण्ड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार, एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल एवं संबंधित अधि कारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैलादेवी पुलिस के प्रयास से 14 साल बाद मिला बिहार का गायब इंजीनियर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैलादेवी थाना पुलिस का एक सराहनीय कार्य सामने आया है। 14 साल पूर्व अपने परिजनों से गायब अधेड़ को थाने लाकर नहलाया और स्वच्छ कपड़े पहनाए। कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं अधेड़ का लगातार परिजनों को ढूंढने की कोशिश कर रही पुलिस को कामयाबी मिल गयी। पुलिस ने उसके परिजनों से सम्पर्क करना शुरू किया तो वह बिहार के भोजपुर जनपद का पता बताया तो पुलिस ने भोजपुर पुलिस की मदद से बिछड़े इंजीनियर को उनके परिजनों से मिलवाया। शनिवार देर शाम उनके सुपुर्द कर दिया।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के साकिन शोभापुर खालसा गांव के जंगल में बीते 16 जुलाई की रात्रि को एक अधेड़ लावारिस अवस्था में ग्रामीणों को दिखाई दिया। जिसके शरीर पर कीड़े घूम रहे थे। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। जिसे कैला देवी थाने लाया गया। लावारिस अधेड़ कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने उसे नहलाकर साफ कपड़े पहनाए। तीन दिन बाद शनिवार को उसने अपना पता बताने की कोशिश की तो पुलिस ने तुरंत बिहार के भोजपुर जनपद की पुलिस से संपर्क किया। बताए गए अनुसार वह गांव का नहीं निकला। पुलिस ने दोबारा पूछताछ की तो किसी तरह उसने अपना गांव का नाम बताया। जिसे अपना नाम सत्यदेव चौबे पुत्र ओमकारनाथ चौबे निवासी धमनिया थाना गरहनी जनपद भोजपुर बिहार का बताया। भोजपुर के गरहनी



थाना पुलिस द्वारा गांव पहुंचकर परिजनों से संपर्क किया गया और फोटो से पहचान कराई। परिजनों ने उसे पहचान लिया। उसके बाद वीडियो कॉल की गई तो सत्यदेव चौबे ने भी अपने परिजनों को पहचान लिया। परिजनों ने बताया कि वह 14 साल से वह गायब थे। वह झारखंड की आईआईटी रैंक की माइंस कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं। कोयले की खदान में भी काम किया है तथा अन्य जगह भी सेवाएं दी हैं। किसी तरह आज से 14 साल पहले गायब हो गए थे। 14 साल बाद जब परिजनों की वीडियो कॉल पर बात हुई तो उनके खुशी से आंसू निकल आए। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह की सराहनीय कार्य के चलते 14 साल बाद अधेड़ अपने परिजनों से मिला। पुलिस ने शनिवार देर शाम उसे परिजनों को सौंप दिया।

## अपने हाथों से करेगा बेटी का कन्यादान

**सम्भल।** पुलिस के प्रयासों से अपनों से 14 साल बाद मिला गायब इंजीनियर सत्यदेव चौबे पत्नी और बच्चों को छोटा छोड़कर आया था। जबकि बेटी पिता को याद करती थी। जवान हो चुकी बेटी का परिजनों ने विवाह तय कर दिया था। बेटी बिन पिता के विदा होने पर रोती थी,लेकिन 14 साल बाद मिला सत्य प्रकाश न केवल बेटी को पिता मिला बल्कि वह बेटी का कन्यादान भी स्वयं कर सकेगा।

# किशोर के साथ कुकर्म मामले में आया नया मोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** वृद्ध पर मूक बधिर के साथ कथित कुकर्म को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच मृत वृद्ध के बेटे पर धमकाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## मृतक के बेटे के विरुद्ध धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

थाना हजरत नगर गढ़ी में दी गई तहरीर में मौहल्ला चौधरियान निवासी मूक बधिर 13 वर्षीय किशोर के पिता ने वृद्व व उसके बेटे अबरार पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गौर तलब है कि कुर्कम के आरोप पर मुन्नन पुत्र खैराती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। पीड़ित किशोर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुन्नन पुत्र खैराती व अबरार पुत्र मुन्नन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर पीएम होकर मुन्नान के शव को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# योग्यता आधारित परीक्षा की उत्तीर्ण छात्राओं सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित की परीक्षा उत्तीर्ण तीन छात्राओं को प्रधानाचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने रेनू ,डौली और चाहत को को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मेहनत करके आप भी इस स्थान को प्राप्त कर सकती हैं। इस सफलता से आप स्वयं अपनी शिक्षा का भार उठा सकतीं हैं और माता-पिता के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन कर



सकतीं हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नेहा यादव (सामाजिक विज्ञान) जिन्होंने विद्यालय में और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाएं चला कर छात्राओं का पाठयक्रम पूरा कराया और गरिमा (गणित), कविता (विज्ञान) पुष्पा (जीव विज्ञान) को श्रेय दिया। छात्राओं के माता-पिता को भी धन्यवाद जिन्होंने जी के-जी एस पढ़ने के लिए शाम 04 बजे तक छात्राओं को विद्यालय में छोड़ा। इस दौरान पुष्पा,नेहा यादव, गरिमा, कविता, महक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# शिव महापुराण कथा का आयोजन 23 जुलाई से

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** महा शिव पुराण कथा का आयोजन 23 से 29 जुलाई तक अग्रवाल मार्केट पर होगा। जिसमें वृंदावन के आचार्य राजन दीक्षित कथा का रसपान करायेंगे।

नगर के गुन्नौर स्टेट बैंक के निकट अग्रवाल मार्केट में शिव महापुराण कथा एवं रूद्राक्ष वितरण महोत्सव का आयोजन 23 से 29 जुलाई एक सप्ताह तक चलेगा। वृंदावन के आचार्य राजन दीक्षित महाराज द्वारा किया जायेगा। कथा से पूर्व 22 जुलाई को नगर में कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी अंकुर अग्रवाल ने दी।

# जिले के अच्छे विकास को जनप्रतिनिधि व अधिकारी सामंजस्य बनाकर करें कार्य: मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला योजना समिति एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जनपद के प्रभारी मंत्री ने विभागवार लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी लेकर जनपद के अच्छे विकास को आपसी सामंजस्य बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार में होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जिला योजना समिति एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विभागवार लाभार्थी परक योजनाओं के बारे में बताया गया। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने योजनाओं एवं उनके लक्ष्य की जानकारी दी। विधायक इकबाल महमूद ने बंदरों की समस्या तथा निराश्रित गौ वंश एवं कुत्तों की समस्या को समिति के समक्ष रखा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग से बचने को जागरूक करने व जनप्रतिनिधि एवं अधि कारी आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे तो जनपद का अच्छा विकास होगा। मुख्य विकास अधि कारी ने सभी का धन्यवाद किया।

# काउंसलरों ने तीन रूठे परिवार कराए एक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक की निगरानी में चल रहे पुलिस परिवार परार्मश सुलह समझौता केन्द्र की आयोजित मीटिंग में काउंसलरों के प्रयासों से चार रूठे परिवारों को एक कराया गया।

## पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र पर मीटिंग सम्पन्न

पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई की निगरानी में कृषि उत्पादन मंडी समिति पुलिस लाइन स्थित केन्द्र की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला संपन्न बैठक में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। मीटिंग में 53 पत्रावली सुनकर 13 का निस्तारण किया जबकि 4 परिवार को मिलाया गया। छह मामले न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। जबकि 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई। इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय संगीता भार्गव बबीता शर्मा सीमा आर्य श्वेता गुप्ता तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ,ज्योति,उषा आदि उपस्थित रहे।

# बबराला में आजमगढ़ के सांसद ने सुनी समस्यायें

**बबराला।** नगर के गेस्ट हाउस में आजमगढ़ के सांसद धार्मेन्द्र यादव ने पहुंचकर सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सपा कार्यकर्ताओं नें उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद क्षेत्र की समस्याएं व कार्यकर्ताओं की मांगों को भी सुना। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि बदायूं लोकसभा से मेरा बहुत लगाव है। मुझे आप लोग जब भी याद करोगे तो मैं आपके बीच में मौजूद रहूंगा और आपकी विकास की लड़ाई को लड़ता रहूंगा। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर आपकी सभी मांगे पूरी होगी। इस मौके पर पूर्व दर्जा मंत्री प्रदीप यादव उर्फ गुडडू पूर्व विधायक राजेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, सुमित यादव,रामू यादव आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से डाक कांवड़ लेने जाते एक कांवड़िए की मौके पर मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डाक कांवर लेने जाते कांवरियों के जत्थे में बाइक सवार की ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी। हादसे में एक कांवरिये की मौत जबकि तीन घायल हो गए। घायलों में एक की हालत चिंता जनक है।

## हादसे के काफी देर बाद एम्बुलेंस व पुलिस के पहुंचने का आरोप

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लाडम सराय से डांक कांवर का जत्था जल लेने हरिद्वार के लिए रवाना हुआ था। बाइक सवार कांरियों का जत्था सम्भल जोया मार्ग स्थित ग्राम मातीपुर के निकट अचानक ईंटो भरा एक ट्रैक्टर आ गया और कांवरियों के जत्थे में शामिल बाइक से टक्कर हो गयी। हादसे में एक कांवरिये अरविंद पुत्र चन्द्रपाल की मौत हो गयी जबकि पीछे आ रही बाइक पर सवार तीन कांवरिये सुनील पुत्र सोमपाल व अजय पुत्र नन्हू, रोहित पुत्र राम भरोसे घायल हो गए। इनमें एक कांवरिये की हालत चिंता जनक है। कांवरियों का आरोप है कि हादसे के बाद काफी देर तक पुलिस और एम्बुलेंस नहीं पहुंचे ।जब उन्होने जाम लगाया तब पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची।

# सत्य की विजय को अन्तिम क्षणों तक करना चाहिए प्रयास: आरिफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आहान पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पहले स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति के महायोद्धा मंगल पांडे जी की जयंती पर याद किया और श्रृद्धा सुमन अर्पित किए गए।

चंदौसी रोड स्थित जिला कार्यालय पर एक गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मंगल पांडे के जीवन और उनके द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किए गए अथक प्रयासों और उनके द्वारा दिए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि मंगल पांडेय का जीवन एवं उनका अनुकरणीय बलिदान वर्तमान भारत के नौजवानों के लिए एक सार्थक आदर्श है और सदैव रहेगा। शहर



अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि मंगल पांडेय का बलिदान यह बताता है कि समय की कठिनता और संघर्ष का भार कितनी भी हो लेकिन हमें सत्य के सामने नहीं झुकना चाहिए और सत्य की विजय के लिए जीवन के अंतिम क्षणों तक प्रयास करना चाहिए। यही कारण था कि सेना में भारतीय सैनिकों के साथ किया जा रहे व्यवहार और द्वेष की भावना को फैलाने के दुस्साहस के विरुद्व मंगल पांडे ने ईस्ट इंडिया कंपनी का कर्मी होने के बाद भी ऐतिहासिक विरोध किया था और अंग्रेजों के खिलाफ खड़े हो गए। इस अवसर पर दाउद पाशा, डा. मरगूब अहमद, हाजी अशरफ अंसारी,कौस्तुभ रस्तोगी,सलमान तुर्की,मोहम्मद कलीम,मौअज्जम,नौमान अली, फिरोज आलम, मौ. यासीन, मौ. मुशर्रफ आदि मौजूद रहे।

# सड़क के चौड़ीकरण को मुस्लिमों ने दिखाया बड़ा दिल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मार्ग चौड़ीकरण में बाधक बन रही मस्जिद को लेकर मुस्लिम समुदाय ने बड़ा दिल दिखाया है। प्रशासनिक अधिकारियों के मौखिक आदेश पर मस्जिद कमेटी ने सड़क चौड़ीकरण को स्वयं कुछ हिस्से को हटा लिया।

मुरादाबाद से गवां-अनुपशहर ओर बहजोई तक मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है। इसके लिए जगह-जगह किये गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए गए थे। कुछ दिन पूर्व राजस्व विभाग की टीम ने मौहल्ला चौध री सराय सम्भल बहजोई मुख्य मार्ग पर चारा मंडी पुल के निकट वाली मस्जिद पर भी निशान लगाये थे। मस्जिद के मुतवल्ली मौलाना बिलाल के अनुसार तहसीलदार ने सड़क पर अतिक्रमण होना बताकर आठ फीट पर निशान लगाये थे। उन्होने बताया कि मस्जिद सदियों पुरानी है। उसका नक्शा भी पास है। उस समय सोलह फीट पर नक्शा पास है,लेकिन अब 45 फीट बताया जा रहा है। अतिक्रमण नहीं बताया गया था,लेकिन सड़क के चौड़ीकरण के लिए यह जगह मांगी गयी थी। इसलिए अपनी सहमति से जगह दी जा रही है। मुस्लिम समुदाय ने बड़ा दिल दिखाते हुए मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक मस्जिद के प्रशासनिक अधिकारियों के मौखिक आदेश पर सड़क के चौड़ीकरण के लिए कुछ हिस्से को स्वयं हटाना शुरू कर दिया है। बता दें कि यहां कुछ मजार भी है जिनको कहीं शिफ्ट किए जाने की तैयारी है। मस्जिद हटाए जाने पर एसडीएम ने बताया कि चौधरी सराय में पुल वाली मस्जिद के नाम से है 25 दिन पहले तहसील के द्वारा सीमांकन किया था। 6 फिट सड़क पर मस्जिद आ रही थी हमने बताया आपका हिस्सा अवैध है, आप इसको स्वयं हटा लें अन्यथा नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आज उस हिस्से को हटा लिया गया है।



सम्भल। मौहल्ला चौधरी सराय पुलिया के निकट सड़क के चौड़ीकरण को मस्जिद का हिस्सा ध्वस्त करते।

# डीएम ने सुनी 110 फरियादियों की समस्यायें तीन का मौके पर किया गया निस्तारण

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र गुणवत्ता परक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

गुन्नौर के तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आध ार पर किया जाए। जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए। दो बजे तक चले सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 शिकायतें दर्ज करायी गयीं। इनमें 03 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष के लिए गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गंगाघाट राजघाट बनें पर्यटक स्थल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश की योगी सरकार ने सम्भल के धार्मिक स्थलों के कायाकल्प को 7 करोड़ की योजना मंजूर दी है। जिले के प्रसिद्व धार्मिक स्थलों को भव्य रूप देने के लिए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है।इसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने और आस्था केंद्रों को सुविधाजनक बनाना है। यह परियोजना आने वाले समय में सम्भल को ध ार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है। अब गुन्नौर तहसील क्षेत्र के राजघाट गंगाघाट को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग बलबती हो गयी है। क्षेत्र के लोगों ने राजघाट को पर्यटक स्थल बनाने की मांग काफी समय से की है। लेकिन अभी यह पूर्ण नहीं हो सकी है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में स्थित गंगाघाट राजघाट लोगों की आस्था का केंद्र है।पूर्व में भी इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग उठाई गई। क्षेत्र के लोगों ने राजघाट गंगाघाट को पर्यटक स्थल बनाने की मांग कई वर्षो से की है।राजघाट गंगाघाट क्षेत्र का काफी पुराना घाट है। यहां स्नान पर्वो पर मेला लगता है। राजघाट गंगाघाट पर स्नान पर्वो पर गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ही नहीं बल्कि बहजोई,चन्दौसी, डिबाई व अन्य शहरों से श्र)ालु स्नान आकर करते हैं।यहाँ की धर्मशालाओं में ठहर कर भंडारे करते हैं। यहाँ मुंडन व कन्छिदन भी बच्चों के कराये जाते हैं। श्रावण मास में कांवरियां जल लेने आते हैं। इसके साथ ही अब यहाँ क्रूज, वोट आदि चलाने की सम्भावनाएँ बलबती हो रही हैं। कंपनी अधिकारी व कर्मी यहां निरीक्षण करके देख चुके हैं। क्षेत्र के अतुल गोयल ने कहा कि गंगाघाट राजघाट गुन्नौर क्षेत्र के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि जनपद के लोगों के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। स्नान पर्व पर हजारों की संख्या में लोग स्नान को आते हैं। लोगों की गंगा स्नान के प्रति गहरी आस्था है।राजघाट को पर्यटन केंद्र बनाया जाना चाहिए। उमेशचंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि जिले सम्भल का राजघाट गंगाघाट महत्वपूर्ण घाट है। इसका सौंदर्यकरण किया जाना चाहिए। रविराज वार्ष्णेय ने कहा कि घाट पर पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। गंगाघाट राजघाट पर सुविधाओं का अभाव है। इसे पर्यटक केंद्र अवश्य बनाया जाना चाहिए। अभय वार्ष्णेय ने कहा कि गंगाघाट श्रृद्धालुओं की आस्था की डुबकी लगाने का केंद्र है। यहां समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे यहाँ आने वाले को कोई असुविधा न हो।



# प्राचीन पाताली शिव मंदिर का हो सौन्दर्यकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश में प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प होगा। इससे ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र के पाताली मन्दिर व अन्य मंदिरों को भव्य बनाये जाने की आस बलबती हुई है।

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठा रही है। पर्यटन विभाग, यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से प्राचीन शिव मंदिरों के कायाकल्प और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने प्राचीन मंदिरों का सौन्दर्यकरण कराया है। अब कई जिलों में मंदिरों और पर्यटक स्थलों के विकास का कार्य शुरू किया जाएगा। इन योजनाओं से न सिर्फ धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश तेजी से देश का अग्रणी पर्यटन गंतव्य बनता जा रहा है।जिला सम्भल के गुन्नौर क्षेत्र में शिव जी का पाताली मन्दिर स्थित है।जो काफी पुराना है। इसका भी भव्य सौन्दर्यकरण की आस बलबती हुई है। क्षेत्र के नीरज कुमार, रविराज गुप्ता, अरविंद कुमार, किशनपाल, संजीव कुमार, सौरभ कुमार आदि ने मन्दिर सौन्दर्यकरण करने को आस सरकार से लगाई है।

# महक-परी बोली अब नहीं बनाएंगे ऐसी वीडियो

**सम्भल।** अशलील व अभद्र कंटेंट पोस्ट करने के आरोपी दो बहने अब ऐंसी वीडियो नहीं बनायेंगी जिससे किसी को ठेस पहुंचे।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर कलां निवासी महक और परी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अशलील एवं अभद्र भाषा के कंटेंट पोस्ट होने पर पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था।अदालत ने उन्हे जमानत पर छोड़ दिया था। पुलिस ने आगे अशलील कंटेंट नहीं बनायें इसके लिए उन्हे धारा 198 का नोटिस थमाया था। अशलील कंटेंट से अधिक प्रसिद्व हुई दोनों बहिनों ने अब आगे ऐंसी कोई वीडियो नहीं बनाने का फैसला किया है जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे।

# जनपद के दो कांवड़ियों की हरिद्वार में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**सम्भल।** हरिद्वार में शुक्रवार मध्यरात्रि जिले के दो कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। कैला देवी थाना क्षेत्र के चकरपुर मेमरी गांव निवासी 28 वर्षीय अमरपाल पुत्र सोमपाल शुक्रवार को अपने साले के रिश्तेदार रजपुरा थाना क्षेत्र के शहाजहांनाबाद गांव निवासी युवक के साथ उसी की बाइक पर बैठकर हरिद्वार गया था। शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद हरिद्वार के नजदीक चंडी पुल के निकट जैसे ही दोनों पहुंचे तो उन्होंने वहां रह रहे अपने गांव निवासी एक युवक पर फोन कर दिया था। इसी बीच उन्हे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गयी। वहां रहकर ठेला लगाते अमरपाल का दोस्त जब वापस अपना कार्य करके देर रात लौटा तो उसने फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। दोबारा फोन करने पर उसका फोन पुलिस ने उठाया तब हादसे की जानकारी हुई।

# बच्चे की मशीन से अंगुली कटी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बच्चे का खेलते समय हाथ मशीन में आ गया।जिससे उसकी उंगली कट गई।परिजन उसको लेकर अस्पताल पहुंचे। गुन्नौर तहसील के गांव गुन्नौर हीरापुर (इटउआ) गांव में नीरज के पुत्र चंद्रकांत (4) चारा मशीन से खेलते समय उंगली कट गई। परिजन उसको आनन फानन लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाये। चिकित्सक ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ऑटो टैक्सी पर चालक का नाम नम्बर लिखने का आदेश सराहनीय

**बबराला।** प्रदेश के सभी जिलों में ई रिक्शा, ऑटो, टैक्सी, ओला, उबर और रैपीडो से वाहन चलाने वालों को अपना नाम, आधार व मोबाइल नंबर लिखने की लोगो ने सराहना की है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने 26 मई को परिवहन विभाग को एक पत्र भेजा था। इसके बाद यह कवायद की जा रही है। लखनऊ संभागीय परिवहन कार्यालय की तरु से सभी पंजीकृत चालकों को 15 दिन के अंदर अपने वाहन पर यह जानकारियां लिखने को कहा है। ये जानकारी वाहन में इस तरह लिखनी होगी, जिसे यात्री आसानी से पढ़ सके। ऐसा नहीं करने वाले वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के कार्रवाई की जाएगी।इस व्यवस्था पर नगर के नीरज वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, रविराज गुप्ता, हर्षित वार्ष्णेय, रिंकू, किर्ष वाष्णेय आदि ने सराहना की है।

# अवैध रूप से बने मकानों पर कार्रवाई का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला लक्ष्मनगंज में नगरपालिका की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मकानों को लेकर न्यायालय ने बड़ा निर्णय सुनाते हुए नगरपालिका के पक्ष में फैसला सुनाया है। इससे अब लंबे समय से रुकी अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण होते ही अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। नगरपालिका की ओर से लक्ष्मनगंज क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए कुल 33 मकान व 01 मस्जिद को चिन्हित किया गया था। पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा के कार्यकाल में इनमें से कुछ मकानों को खाली भी करवाया गया था। साथ ही अवैध मस्जिद को भी इंतजामिया कमेटी के लोगों से स्वयं हटवाया था परंतु उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा के स्थानांतरण के बाद यह अभियान कुछ समय के लिए थम गया था। बता दें कि लक्ष्मनगंज की जिस मस्जिद को लेकर उच्च न्यायालय में स्टे की अर्जी दी गई थी, उसे स्टे आदेश आने से पहले ही लोगों ने स्वयं हटाने का निर्णय लिया। एएसपी संभल राजेश श्रीवास्तव के अनुसार, अब शेष 33 अवैध मकानों को हटाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से तय प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यह कार्रवाई जल्द की जाएगी। पहले चरण में मकान स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की एक नामित कमेटी आगे की कार्यवाही को अमलीजामा पहनाएगी। अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने बताया कि न्यायालय द्वारा नगरपालिका के पक्ष में निर्णय दिए जाने के बाद अब कानूनी रूप से किसी प्रकार की बाधा नहीं रही। उन्होंने कहा कि पालिका अपनी भूमि से अवैध कब्जे हटाने को लेकर पूरी तरह तैयार है और जल्द ही व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, महाशिवरात्रि के बाद लक्ष्मनगंज में अतिक्रमण हटाओ अभियान को जोरशोर से चलाए जाने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन और नगरपालिका की तैयारियों से यह स्पष्ट है कि अब अवैध कब्जाधारियों को और राहत मिलने की कोई संभावना नहीं बची है।



# भंडारे के पास लहूलुहान पड़े युवक को बजरंगी ने कराया अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** गांधी आश्रम में कांवड़ियों की सेवा के लिए संचालित किए जा रहे भंडारे के पास लहूलुहान हालत में पड़े युवक को मोनू बजरंगी ने अपने सहयोगियों की मदद से अस्पताल में भर्ती करा दिया और पुलिस को सूचना देकर उनके संरक्षण में सौंप दिया। बताया गया कि दोपहर बाद एक युवक को भंडारे के पास पड़े देखा तो उन्होंने मानवता के नाते युवक को अस्पताल पहुंचाया युवक का सिर फटा हुआ था और काफी खून उसके सर से बह रहा था अस्पताल में उन्होंने सूचना देकर पुलिस को भी बुलाया जहां



क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव ने युवक से जानकारी ली बताया गया कि नशा और चोट के कारण अर्थ निद्रा में हुआ युवक अपना पता ठीक से नहीं बता सका। लेकिन कुछ लोगों ने उसके इमरान निवासी सलेमपुर होने की बात भी कहीं फिलहाल युवक का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है पुलिस घायल के परिजनों को सूचना देने का प्रयास कर रही है।

# हिम्मत तो देखिए, सरकारी धन से बने खाद के गड्ढों को तोड़कर ईंटों का कर लिया घर में इस्तेमाल, तहसील में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एक और सरकार सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का अभियान चला रही है और दूसरी और कुछ लोगों ने सरकारी धन से बने खाद के गढ़ों को तोड़कर उनकी ईटों का घर में इस्तेमाल कर लिया है ग्राम प्रधान द्वारा इस मामले की शिकायत किए जाने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आज फिर ग्राम प्रधान ने तहसील समाधान दिवस में एसडीएम से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला ब्लॉक छजलैट की ग्राम पंचायत बेगमपुर का है वहां के प्रधान काशीराम पुत्र हरदेव सिंह का कहना



है कि गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गड्ढो का निर्माण कराया जाना था। जिसके लिए 23 नबंवर 22 को मजरा भागीजोत में बैठक के दौरान लेखपाल द्वारा आरआरसी सेंटर के लिए भूमि चिन्हित कर दी गई। उस पर केंद्र सरकार से आए धन से आरआरसी सेंटर में खाद के गढ़ों का निर्माण भी कराया गया। लेकिन गांव के नामे अली नाजिम अली मोहम्मद अली वह मोनिस ने इस भूमि पर स्टे लेने के बाद खाद के गद्दे व आरआरसी सेंटर को तोड़कर अपने मकान में इसकी 12 हजार ईट भी लगा ली उन्होंने इसकी शिकायत 27 मार्च को की तो पुलिस की मौजूदगी में लेखपालों के सामने इस भूमि को पाट रहे लोगों को रुकवा दिया गया। आरोप है कि इसके बाद भी 18 जुलाई को उक्त लोगों ने इस जमीन को जोत पर कर उस पर कब्जा कर लिया इससे एक तरफ सरकारी कार्य में बड़ा हुई दूसरी और सरकारी धन की भी भारी छति हुई ग्राम प्रधान ने एसडीएम को पत्र लिखकर सरकारी संपत्ति को खुर्द कर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। एसडीएम ने इस मामले की जांच के आदेश दिए है।

# पीएचसी कुढफतेहगढ़ में डॉक्टर नदारद, स्टाफ नर्स दे रहीं दवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** तहसील चंदौसी अंतर्गत तथा सीएचसी नरौली से संबद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढफतेहगढ़ में शनिवार को डॉक्टर नदारद रहे। स्टाफ नर्स ने अस्पताल में पहुंचे रोगियों को दवाएं वितरित कीं। सीएचसी नरौली से संबद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढफतेहगढ़ में चार स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ. मौहम्मद साजिद अली, स्टाफ नर्स शिल्पी, लैब टेक्नीशियन नेत्रपाल, वार्ड बॉय अमित कुमार तैनात हैं। शनिवार को 11:00 बजे जब मीडियाकर्मी अचानक पीएचसी कुढ फतेहगढ़ पहुंचे तो चिकित्सक कक्ष में चिकित्सक की कुर्सी खाली पड़ी थी। बराबर में दूसरी कुर्सी पर स्टाफ नर्स शिल्पी मौजूद थी और रोगियों को दवा दे रही थी। दस दिन पहले ही पीएचसी कुढफतेहगढ़ में चिकित्सक की तैनाती हुई है। चिकित्सक की तैनाती होने के बाबजूद भी क्षेत्रीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दवा लेने गए राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मैं शुक्रवार को भी दवा लेने आया था, तब भी डाक्टर साहब नहीं थे और आज भी नहीं हैं। प्रदेश सरकार सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है ताकि हर गरीब ब्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके लेकिन यहाँ कुढफतेहगढ़ पीएचसी में तैनात चिकित्सक सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### मनरेगा की मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन



**कांठ।** मनरेगा की मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर आज अकबरपुर चौदरी गांव के लोगों ने तहसील में प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। दर्जन भर से ज्यादा लोग आज राष्ट्रीय समानता दल के जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और बताया कि वह गांव में 4 साल से मनरेगा के तहत मजदूरी करते चले आ रहे हैं लेकिन उन्हें मजदूरी आज तक नहीं मिली ग्राम पंचायत के अधिकारियों से कई बार इस मामले की शिकायत की लेकिन इसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने इस संबंध में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए उनकी मजदूरी दिलाए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी बेघराज सिंह हरीराज सिंह दिनेश कुमार सैंपल सिंह रवि कुमार नीरज कुमार नरेश कुमार विपिन कुमार श्याम सिंह देवेंद्र सतीश रंजीत सतवीर सुखराम चमन सिंह गुड्डू गजेंद्र महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### तहसील दिवस में आई 45 शिकायतों में तीन का निस्तारण



**कांठ।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 43 लोगों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई इनमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतों के निस्तारण को उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया। तहसील दिवस में गन्ना बिजली राजस्व राशन समाज कल्याण नगर पंचायत आदि विभागों की शिकायत लेकर लोग पहुंचे जिनमें तीन शिकायतें निस्तारित कर दी गई बाकी शिकायत निस्तारित करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया सीडीओ ने साफ कहा कि समाधान दिवसों की शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार नायब तहसीलदार थाना एवं सभी विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### लगाया पिंजरा, तेंदुए के आने का कर रहे इंतजार

**कांठ।** नईम सैफी के प्रतिष्ठान पर बैठे तेंदुए को देखकर लोगों में डर का माहौल है वन विभाग ने सूचना मिलने के बाद तेंदुआ पकड़ने के लिए वहां पिंजरा लगा दिया है। लेकिन तेंदुआ अभी पिंजरे से काफी दूर है बतादे कि क्षेत्र में तेंदुओं का आतंक काफी बढ़ गया है तेंदुए अब दूर-दराज जंगलों से निकलकर बस्ती की ओर आ चुके हैं। कासमपुर नयागांव के पास तेंदुए छतों पर भी देखे जाने लगे हैं। तीन दिन पहले भी लोगों ने एक तेंदुए को मकान पर बैठे देखा था इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई वन विभाग ने कल ही मौके पर जाकर पिंजरा लगा दिया लेकिन तेंदुआ अभी पिंजरे में नहीं आ पाया है लोगों को तेंदुए के पिंजरे में फंसने का बेसब्री से इंतजार है।

## एक ही समस्या की बार-बार शिकायत लेकर आए अधेड़ को एसडीएम ने किया गार्ड के हवाले



**कांठ।** एक ही समस्या की शिकायत लेकर बार-बार तहसील आना आज अधेड़ को भारी पड़ गया एसडीएम ने उसे गार्डो के हवाले करके ऑफिस में बैठा दिया। और बाद में समझा कर भेज दिया गया हुआ यूं कि खलीलपुर निवासी असलम पुत्र अख्तर अली किसी समस्या को लेकर बार-बार तहसील में काफी समय से आ रहा था जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा समाधान करने का प्रयास किया गया लेकिन वह किसी बात से संतुष्ट नहीं हुआ आज फिर वह तहसील दिवस में इस पुरानी शिकायत को लेकर पहुंच गया जिस पर एसडीएम ने उसे गार्ड को बुलाकर ऑफिस में बैठवा दिया बताया गया की तहसील समाधान दिवस के संपन्न होने के बाद उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। लेकिन इस घटना से तहसील में प्रार्थना पत्र देने के आदी हो चुके लोगों को हल्का सा झटका लगा है।

# अपर आयुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपर आयुक्त सर्वेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक के दौरान एजेण्डावार मण्डल के अन्तर्गत निर्यातकों एवं औद्योगिक संगठनों की समस्याओं पर विचार -विमर्श किया गया। बैठक में प्रेम वण्डर लैंड के समीप स्थित सम्पार संख्या 413-ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त दो लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण के सम्बन्ध में उप परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में सम्मिलित कर प्रस्ताव शासन को अनुमोदन हेतु भेजा जा चुका है। अपर आयुक्त द्वारा जनपद में डियर पार्क के संचालन के सम्बन्ध में डीएफओ मुरादाबाद को कार्यवाही हेतु एवं गागन नदी के किनारे-किनारे कूड़ा कचरा डालने वालों पर अब तक की गयी कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है साथ ही नगर निगम एवं प्रदूषण विभाग को भी इसमें कार्यवाही के निर्देश दिए। ई-वेस्ट रिसाक्लिंग के सम्बन्ध में नगर निगम के प्रतिनिधि को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं जागरूकता अभियान चलाकर कूड़ा संग्रहण की प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किये जाने एवं इसका प्रचार -प्रसार कराते हुए संवेदनशील अपशिष्ट का डिस्पोजल कराये जाने के निर्देश दिये गये। डोलरा गांव निकट दलपतपुर मुरादाबाद में ड्राइपोर्ट परियोजना के लिए सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी के सम्बन्ध लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि लगमग 6 मीटर रोड बन गयी है शेष स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जा चुका है, इसके साथ ही उद्योग बंधु समिति की बैठक प्रत्येक माह जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कराने एवं जिन समस्याओं का निस्तारण जिले स्तर पर न हो रहा हो उसे मण्डल स्तर पर मण्डलीय समिति को अग्रसारित किये जाने के निर्देश मण्डल के समस्त उपायुक्त उद्योगों को दिये गये।

## अचानक फटा कूकर, बाल बाल बचा परिवार

**कांठ।** खाना बनाते वक्त अचानक कुकर फट गया जिसमें पत्रकार का परिवार बाल बाल बचा है थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुरा निवासी केहर सिंह एक चैनल के संवाददाता है आज दोपहर को उनके घर पर रोजाना की तरह ही खाना बनाया जा रहा था उस वक्त उनका परिवार चूल्हे से कुछ दूर था तभी अचानक तेज धमाके के साथ कुकर फट गया कुकर का ढक्कन ऊपर पेड़ से टकराकर नीचे गिर गया और सारी दाल चारों तरफ फैल गई गनीमत रही कि उस वक्त बच्चे और अन्य लोग भी चूल्हे से काफी दूर थे।

वरना कोई गंभीर हादसा भी हो सकता था। वरिष्ठ पत्रकार केहर सिंह देवल ने अन्य लोगों से भी खाना बनाते वक्त सावधानी बरते जाने का आह्वान किया है।

# सीडीओ ने किया कांठ में सुगम्य पुस्तकालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मुख्य विकास अधिकारी ने शनिवार को नगर में सुगम्य पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया स निरीक्षण के दौरान नामांकित कुल 10 बच्चों के सापेक्ष 8 बच्चे उपस्थित मिले बच्चों से साइन लैंग्वेज के अंतर्गत प्रश्न उत्तर किए गए बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिए जिस पर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया एवं कार्यरत स्पेशल ब्लॉक एजुकेटरों को निर्देशित किया गया कि आसपास के विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को भी सुगमय पुस्तकालय, कांठ में अध्ययन कराया जाए एवं ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर नामांकन वृद्धि की जाए। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय कांठ का पूर्वाहन 11:50 निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्यनरत बच्चों से उनके विषयों पर आधारित प्रश्न उत्तर किए गए बच्चों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया जिस पर उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया स इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूलों का निरीक्षण कर बच्चों से पूछे सवाल

**कांठ।** सीडीओ ने आज तहसील क्षेत्र के दो विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कियास दोनों विद्यालय में बच्चों की संख्या पंजीकरण के विपरीत उपस्थिति कम पाई गईस मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने शनिवार को दोपहर बाद प्राथमिक विद्यालय गढी का निरीक्षण किया और बच्चों के ज्ञान की परीक्षा ली उन्होंने प्रधान अध्यापक प्रभाष कुमार से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त एवं नगर में स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया स उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर एवं शासन द्वारा चलाई बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में पूछताछ की स मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षा 5 एवं कक्षा आठ में जाकर बच्चों के ज्ञान की परीक्षा ली बच्चों ने सवालों का सही जवाब दियास बताते हैं कि मुख्य विकास



अधिकारी ने इन कक्षाओं में पढ़ा रहे दिवेश कुमार एवं नीरू रस्तोगी से भी पढ़ाई के संबंध में पूछताछ की। मुख्य विकास अधिकारी यहां निर्माण अधीन पीएम विद्यालय एवं मुख्यमंत्री विद्यालय की बिल्डिंग का अवलोकन भी कियास उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी विकास भी मौजूद थे।


## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र सलमान अली व पुत्रवधू श्रीमती मुस्कान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती शकीला पत्नी अतीक व अतीक पुत्र लतीफ अहमद निवासीगण ग्राम बरवारा मजरा पोस्ट भैंसिया, तहसील व जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र बोबी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में बोबी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती आशा पत्नी स्वर्गीय अमर सिंह निवासी केजीके कॉलेज हनुमान नगर लाइनपार थाना मझौला, तह.व जिला मुरादाबाद**


# टीएमयू का सीसीएसआईटी कॉलेज नॉर्थ इंडिया में लीडिंग इंस्टीट्यूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, आईओटी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सरीखे क्षेत्रों में दक्षता ही सफलता की कुंजी है। उच्च शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे स्टुडेंट्स को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक दक्षता, अनुसंधान क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी ज्ञान दें। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी प्रतिबद्ध है। यह कॉलेज शिक्षा, तकनीक, नवाचार, समग्र विकास और संस्कृति का अद्वितीय संगम है, जहां स्टुडेंट्स के सपनों को मजबूत पंख मिलते हैं। नैक से 'ए' ग्रेड यूनिवर्सिटी के इस कॉलेज को एएनबीए की ओर से विभिन्न कोर्सो को मान्यता प्राप्त है।

ये प्रत्यायन सुनिश्चित करते हैं कि सीसीएसआईटी में शिक्षण, प्रयोगशालाओं, मूल्यांकन और पाठ्यक्रम सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। सीसीएसआईटी के प्रमुख पाठ्यक्रमों में बीटेक- सीएस, बीटेक- एआई, बीटेक- डीएस, बीटेक- आईबीएम, बीएससी ऑनर्स- सीएस, बीएससी- एनिमेशन, बीसीए, एमसीए, एमटेक और पीएचडी शामिल हैं। इन सभी कोर्सेस को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि स्टुडेंट्स तकनीकी रूप से दक्ष, पेशेवर रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक बन सकें। सेमिनार, वर्कशॉप्स, गेस्ट लेक्चर्स, कोडिंग इवेंट्स, स्टार्टअप गतिविधियां, इन्नोवेशन प्लेटफॉर्म, लीडरशिप सेशन्स, ग्रुप डिस्कशन, मॉक इंटरव्यू, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, टेक्निकल कम्पटीशन और भारतीय नवाचार परिषद-आईआईसी की गतिविधियां स्टुडेंट्स के कौशल विकास के लिए नियमित रूप से होती रहती हैं।

सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी कहते हैं, टीएमयू में आउटकम-बेस्ड एजुकेशन मॉडल के अंतर्गत स्टुडेंट्स को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान कौशल और सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए भी तैयार किया जाता है। कॉलेज में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्मार्ट क्लासरूम्स, डिजिटल संसाधन और अनुभवी शिक्षकों की टीम स्टुडेंट्स के बहुआयामी विकास को सुनिश्चित करती है। टीएमयू का सीसीएसआईटी अपने अद्वितीय शैक्षिक वातावरण, उच्च गुणवत्ता युक्त तकनीकी शिक्षा, इंडस्ट्री-अलाइंड और अपडेटेड कोर्सेस, आउटकम-बेस्ड एजुकेशन, मूल्य वर्धित कौशल विकास पर विशेष ध्यान, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम्स, डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम, अनुभवी शिक्षक, इंडस्ट्री विशेषज्ञ, करियर मार्गदर्शन, मेंटरशिप, मजबूत इंडस्ट्री कनेक्शन, रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, लाइव इंटर्नशिप्स, उच्च प्लेसमेंट रिकॉर्ड, देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों में सफल प्लेसमेंट्स, समग्र विकास के अवसर, स्टार्टअप, नवाचार, लीडरशिप, सामाजिक गतिविधियां, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां, समावेशी और बहुआयामी व्यक्तित्व विकास, छात्रवृत्तियां और वित्तीय सहायता, योग्य स्टुडेंट्स के लिए विशेष योजनाएं, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय अकादमिक नेटवर्क एवं वैश्विक स्तर की शिक्षा और एक्स्पोजर इत्यादि गुणों और सुविधाओं के कारण उत्तर भारत का एक अग्रणी संस्थान है।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र शाकिब बिलाल व पुत्रवधू श्रीमती माहेनूर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। बाबू अहमद पुत्र छिददा निवासी मोहल्ला चौधरियान उमरी कलां तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र शाहरुख पुत्र मोहम्मद भूरे को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शाहरुख के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रहीस अहमद पुत्र मोहम्मद भूरे निवासी ग्राम भैंसिया तालाब वाली मस्जिद थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# प्रेमी की मौत के बाद प्रेमिका ने पंखे पर लटक कर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र गनेशघाट में प्रेम की आत्महत्या के बाद प्रेमिका ने आज की दोपहर पंखे पर दुपट्टे के फंदे पर लटक कर जान दे दी। गांव के रहने वाले राजकपूर से प्रेम प्रसंग चल रहा था।वह बी ए फाइनल में पढ रही थी। युवती नौ जुलाई की दोपहर प्रेमी के घर पहुच गई और उसके साथ शादी करने का दबाव बनना शुरू कर दिया इस दौरान भनक लगने पर लडकी के परिवार वाले भी वहाँ आ गए शादी साफ इंकार कर उसे घर गए। युवती के जाने से आहत राजकूपर ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली इससे आहत युवती ने शनिवार दोपहर पंखे पर दुपट्टे के फंदे पर लटक गई। उसके पिता महेश रामपुर मजदूरी करने गए थे जबकि भाई आकाश मां रेखा को दवाई दिलाने मूंढापाडे गया था। घर पर युवती अकेली थी। मां बेटा घर लौट तो पंखे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव नीचे उतरा। एस एच ओ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर नही आई है।

# दो महीने बाद शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मृतक के परिजनों की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजुदगी में दो महीने पहले दफन किए गए किशोर के शव को कब्र से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम कराया है। 16 मई की रात को गांव मिलक झादेवाली निवासी अफसर अली के 17वर्षीय बेटे मौहम्मद अनस को गांव के जहीर अली, सलमान और खुशबू अली राणा शुगर मिल बेलबाड़ा में ट्रैक्टर ट्राली पर मजदूरी करने ले गए थे। तड़के तीन बजे किशोर की ट्रेक्टर ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। कुछ दिनों पहले मृतक के परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर गांव के तीन लोगों के खिलाफ रंजिशन बेटे की हत्या कर दुर्घटना का रूप देकर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। कप्तान व डीएम की आदेश पर शनिवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने नायब तहसीलदार पल्लवी वानिया की मौजुदगी में शव को कब्र से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम करवाया।

शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई।इस पर पुलिस ने विसरा रिजर्व कर जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भेजने की तैयारी की है। मृतका की मां इशरत जहां ने बताया की बेटे के पड़ोसी किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी रंजिश को लेकर साजिशन तीन व्यक्ति बेटे को मजदूरी के बहाने मिल में ले गए और ट्रेक्टर ट्राली के नीचे दबाकर हत्या कर दी।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने कहा कि जांच के लिए विसरा रिजर्व कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा जाएगा रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# आचमन मन को पवित्र और शांति प्रदान करता है: पं वीरेंद्र



**मुरादाबाद।** स्त्री आर्य समाज मण्डी बांस मे साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया । जिसमें पं वीरेंद्र आर्य ने पूनम रस्तोगी की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात प्रीता आर्य, चंद्र किरन आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने बताया कि यज्ञ के प्रारंभ में सर्वप्रथम यज्ञमान को आचमन कराया जाता है ताकि मन और इंद्रियां ईश्वरीय कार्य यज्ञ के अंतर्हीन रहे। आचमन मन को एकाग्र करना का सर्वोत्तम माध्यम है।जिस प्रकार रोटी बनाने से पूर्व जल से आटे का एकीकरण किया जाता है उसी प्रकार यज्ञ से पूर्व आचमन के द्वारा मन और इन्द्रियों को ध्यान लगाने हेतु एकीकरण करके शांत किया जाता है। आचमन वांयी हथेली में जल लेकर तीन बार किया जाता है। ऐसे ही भोजन से पूर्व भी आचमन करना सर्वोत्तम माना गया है। इस अवसर पर चंद्रकिरण आर्य, प्रीता आर्य विशेष आर्य सुमनलता,मनु आर्य, शिखा आर्य पूनम शंकर आर्य,सुमन आर्य,रश्मि आर्य ममता आर्य, कुसुम आर्य, पूनम आर्य, शोभा आर्य, साधना आर्य, शिखा आर्य, नलनि, रश्मि, वंदना, नीरू, नेहा, दीपा आर्य, छाया आर्य, कल्पना शंकर आदि उपस्थित रही

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में प्रथम बलिदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद मंगल पाण्डे की जयंती छोटेलाल कॉलोनी स्थित शिवशांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में समारोहपूर्वक धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि क्रांतिकारी मंगल पांडेय ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होने आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका, और ब्रिटिश हुकूमत को अपने निडर व्यक्तित्व से भारतीयों की ताकत का अहसास करा दिया। मंगल पांडेय के द्वारा शुरू किए गए विद्रोह के कारण सभी भारतीयों के मन में आजादी पाने की आग भड़क उठी थी। क्रांतिकारी मंगल पांडेय ने 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि मंगल पांडेय का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। आपके पिता दिवाकर पांडेय तथा माता अभय रानी पांडेय थीं। 1849 मे एक शाम वह मैदान में टहल रहे थे वहां सेना की परेड चल रही थी। एक अंग्रेज अधिकारी ने इन्हें देखा, मंगल पांडेय के सुडौल शरीर को देखकर उसने ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में भर्ती होने का प्रस्ताव दिया। मंगल पांडेय ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 22 साल की उम्र में ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में भर्ती हुए। उन्हें बैरकपुर की सैनिक छावनी में बंगाल नेटिव इन्फेंट्री यानी बीएनआई की 34वीं रेजीमेंट मे रखा गया। एक बार बैरकपुर छावनी में चर्चा फैल गई कि नई रायफल के साथ जो कारतूस दिए जा रहे हैं क्योंकि कारतूस को रायफल में डालने से पहले मुंह से खोल ना पड़ता था। खोल मे सुअर और गाय की चर्बी है कि चर्चा से हिन्दू एवं



मुस्लिम दोनों ही धर्म के सैनिक आक्रोशित थे क्योंकि यह कार्य दोनों धर्म के विरुद्ध था। 29 मार्च 1857को यह कारतूस दिए गए जिन्हें मंगल पांडेय ने लेने से इंकार कर दिया। तत्काल अंग्रेज अधिकारी ने उन्हे गिरफ्तार करने के आदेश दिए। लेफ्टिनेंट बाग घोड़े पर सवार होकर आया और मंगल पांडेय की ओर बढ़ा, मंगल पांडेय ने उस पर हमला कर दिया। लेफ्टिनेंट बाग घोड़े से गिर गया तत्काल उठकर उसने मोर्चा संभाला। मंगल पांडेय ने उसे घायल कर दिया लेकिन खुद को अंग्रेज अधिकारियों के बीच घिरा देखकर अपनी बंदूक से अपने ऊपर गोली चला दी जिससे घायल होकर गिर पड़े। उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट मार्शल हुआ। मुकदमे की सुनवाई में 18अप्रैल 1857 को फांसी दी जाएगी सजा सुनाई लेकिन दस दिन पहले 08 अप्रैल 1857 को बैरकपुर में फांसी दे दी गई। उनके बलिदान के बाद मेरठ छावनी में भी विद्रोह की ज्वाला भड़क उठी थी। क्रांतिकारी मंगल पांडेय के बलिदान के बाद नौजवानों में देश आजाद कराने का जुनून पैदा हो गया था और लगातार देश भक्तो ने अपना बलिदान देकर 15 अगस्त 1947 को देश आजाद करा दिया। आज हम देशभक्त मंगल पांडेय को याद कर उनकी जयंती पर गौरबांवित महसूस कर रहे हैं। शत-शत नमन। इस दौरान राजेश कुमार अलका सक्सैना, सुरेशचंद्र शर्मा, वाणी वार्ष्णेय, ममता मौर्य, विपाशा, भूमिका वार्ष्णेय, यशोदा भारद्वाज, आरती श्रीवास्तव, करिश्मा, भावना, रेनू, निशा, वंदना, प्रियंका, वंशिका, डिम्पल, खुशी, अंशिका, हर्ष रस्तोगी, शुभम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एडीएम प्रशासन ने बंद पड़ी पुलिया खुलवाई



**भोजपुर।** जलनिकासी में बाधा बन रही पीपलसाना बस स्टैंड पर स्थित पुलिया को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने जेसीबी लेकर खुलवाया का प्रयास किया तो पीपलसाना के ग्रामीण विरोध करने लगे।

उन्होंने ईओ और जेसीबी को बैरंग वापस लौटा दिया। शाम को अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे और बंद पड़ी पुलिया को खुलवाकर जलनिकासी का रास्ता साफ कराया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, वरिष्ठ लिपिक फिरासत अली, पुलिस बल एवं नगर पंचायत बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे।

### भोजपुर में रात में तेंदुए का शावक दिखा

**भोजपुर।** शनिवार को सुबह तीन बजे देवीपुरा पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड पर फिरासत चौधरी के कबाड़े के गोदाम पर तेंदुए का शावक टहलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चौकीदार ने आसपास के गोदामों पर पहरेदारी कर रहे लोगों को सतर्क रहने को कहा। कुछ देर टहलने के बाद शावक खेतों में गुम हो गया। लोगों को डर है कि मादा तेंदुआ भी आसपास में हो सकता है।घ्इसको लेकर ग्रामीणों ने दिन में तेंदुए को तलाशा पर कोई पता नहीं चला।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में की गई चर्चा

**बिलारी।** नगर पालिका क्षेत्र का सीमा विस्तार होना है इसको लेकर शासन ने पालिका बोर्ड का प्रस्ताव समेत जानकारियां मांगी है इस संदर्भ में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने पालिका सभागार में एक बैठक बुलाई जिसमें सभासद एवं भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर की सीमा से सटे गांव इसमें शामिल किए जाएंगे इनमें गैर आबाद गांव भी शामिल होंगे। इन गांवों के चयन को अंतिम रूप तो बोर्ड की बैठक में दिया जाएगा परंतु प्रत्येक गांव को लेकर सभासदों है विस्तार से चर्चा की कि उनकी जनसंख्या 2011 की जनसंख्या के अनुसार कितनी थी और आज अनुमानित कितनी है इससे जहां पालिका की आय बढ़ेगी नई योजनाएं लागू होंगी वही संबंधित ग्रामों का भी सर्वांगीण विकास होगा वहां नियमित सफाई विद्युत आपूर्ति सड़कों नाली



आदि का रखरखाव अच्छे ढंग से होगा। नगर की सीमा से मिलने वाले गाँव नगलिया जट, मिलक नगलिया, सरकड़ा, हरौरा, धनियाखेड़ा, बिचौला, असालतपुर, शेरपुर माफी,हाथीपुर मुड़िया राजा मीरापुर माफी आदि। बैठक में सभासद ब्रजरतन,प्रवेश प्रजापति, देवेश शर्मा, आमिल सिददीकी, अभिषेक पांडे, जरीफ अहमद,दानवीर शर्मा, राकेश यादव, हप्पू राजा, निहाल सिंह लाठर, गिरीश बाबू के अलावा भाजपा अध्यक्ष विकास गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विजय शर्मा, केके गुप्ता, महासचिव अमित चौधरी, विश्वास शर्मा, मनोज ठाकुर आदि शामिल रहे।

# कमिश्नर के आदेश पर मढ़ी मंदिर भूमि की पैमाइश शुरू पानी भरा होने के कारण पूरी नहीं हुई पैमाइश

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मुरादाबाद मार्ग स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन मढ़ी मंदिर भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण पर रोक के बाद भूमि की पैमाइश शनिवार को दोपहर बाद शुरू हुई। लेकिन भूमि में पानी भरा होने के कारण पैमाईश पूर्ण नहीं हो पाई। राजस्व टीम भी आदेश की खानापूर्ति करते हुए बेरंग लौट आई। मन्दिर की गाटा संख्या 595 व बंजर भूमि गाटा संख्या 595 ग की पैमाईश एक बार फिर टलती नजर आ रही है। बता दें कि श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट से जुड़े प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को मंडल आयुक्त से मिलकर मंढ़ी मंदिर की भूमि पर किए जा रहे आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण को मंदिर की भूमि पर होना बताया था। जिस पर मंडलायुक्त ने तत्काल एसडीएम को लाइन पर लेकर भूमि की पैमाइश करने की आदेश दिए थे इसी आदेश के चलते आज अधूरी पैमाईश हो सकी। इससे पूर्व कमलेश कुमार अग्रवाल संजीव सिंघल कुशल अग्रवाल आदि ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान के माध्यम से धामपुर आगमन के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी । जिसके नतीजे मे राजस्व टीम आज मौके पर अधूरी



नापाई कर बेरंग लौट आई। राजस्व टीम ने पाया की मौके पर एक चक मार्ग चल रहा है जो कि राजस्व नक्शे में इंद्राज नहीं है, मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि संभवत 595 ग बंजर झाड़ी का जो रकबा खतौनी में दर्ज है, उसी में यह रास्ता चल रहा है ,यदि नपाई के दौरान यह सही सिद्ध होता है तब नगर पालिका परिषद द्वारा किए गए आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण के लिए उक्त प्रस्ताव को रद्द करना होगा एवं यह प्रस्ताव किसी अन्य भूमि पर करना होगा।

### बाइक सवार हुड़दंगियों ने चालक से की मारपीट, चार गिरफ्तार



**मूढ़ापांडे।** थाना क्षेत्र के रहने वाले अब्बास पुत्र इरशाद निवासी दलपतपुर थाना मूंढापांडे शुक्रवार को दलपतपुर से पाड़ वल्ली का सामान भर कर खरक उर्फ बीरपुर वरयार में शाम के समय उतारने गया था,पाड़ वल्ली का सामान उतारने के बाद जब अब्बास महेंद्र ब्यूरो गाड़ी से रात 9 बजे अपने घर दलपतपुर वापस आ रहा था, तो इसी बीच में पूर्वी नाजरपुर के जंगल से बाइकों पर सवार दस से पन्द्रह हुड़दंगी पीछे पड़ गए और जंगल में गाड़ी को रुकवाने लगे,चालक के द्वारा गाड़ी नहीं रोकने पर लगातार पीछा करते रहे और अक्का डिलारी गांव के चौराहे पर रोककर गाड़ी में तोड़फोड़ शुरू करते हुए जमकर मारपीट शुरू कर दी,चालक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और बाइक सवार हुड़दंगियों से बामुश्किल बचाया सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक को हिरासत में ले लिया है। बाकी बाइक सवार मौके से फरार हो गए,चालक ने बताया कि यह बाइक सवार हुड़दंगई लोग नई गाड़ी को देखकर जंगल में रुकवाते है और उससे अवैध वसूली करते हैं, पैसे नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर पैसे छीन लेते हैं, इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है।

पीड़ित ने बाईक सवारों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है, पुलिस अज्ञात बाइक सवारों की तलाश में जुट गई है पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## जर्जर उपकरणों को बदलवाने की मांग को लेकर भाकियू (राजनीतिक) ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** सूरजननगर विद्युत सब स्टेशन में लंबे समय से उपयोग हो रहे जर्जर और पुराने उपकरणों के कारण आए दिन बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस समस्या को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (राजनी. तिक) के कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह चौहान के नेतृत्व में एसडीओ को ज्ञापन देते हुए मांग की गई। जिससे पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसलिए चारों फीडरों को अलग-अलग कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अंजुम जहां, जहांगीर सैफी, आबिद हुसैन, मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार चौहान, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपनी मांगों को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विभिन्न जनहित की समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे किसानों ने प्रशास. निक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इससे पूर्व ब्लाक परिसर में संगठन की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने की। बैठक में मुख्य रूप से ठाकुरद्वारा से हरिद्वार के लिए चार रोडवेज बसें विभिन्न समय पर चलवाने, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे नियमित विद्युत आपूर्ति, बिजली के भारी-भरकम बिलों को ठीक करने, तथा बिजली की बढ़ी हुई दरों को घटाने की मांगों पर चर्चा की गई। ज्ञापन के माध्यम से कुछ अन्य अहम मुद्दे भी उठाए, । सुल्तानपुर खादर से श्मशान घाट तक चकरोड का निर्माण करनपुर चौराहे पर गोलचक्कर का निर्माण (लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सूरजनगर स्थित एक स्कूल द्वारा काउंटर साइन के नाम पर 2000 रुपए की वसूली बंद कराना और स्कूल प्रबंधन पर कार्यवाही वैरमपुर से मडैया ख्वाजपुर रोड तक क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत इस मौके पर जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा, हरिराज सिंह, मास्टर हरकेश सिंह, सुमित चौहान, चौधरी अयूब अली, नारायण सिंह, सोमवीर सिंह, गुर्जर सिंह, मनसा सिंह यादव, भूरी सिंह, ओंकार सिंह, चरण सिंह, अनिल बिश्नोई सहित कई किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में बिना अनुमति कटे पेड़ों की जांच शुरू

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम गोपी वाला कालेवाला स्थित जनता इंटर कॉलेज में बिना अनुमति काटे गए हरे-भरे पेड़ों की शिकायत पर शनिवार को वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कॉलेज परिसर में शीशम, सागौन, अशोक तथा अन्य प्रजातियों के पेड़ चोरी-छिपे कटवाए गए थे, जिसकी शिकायत पहले आईजीआरएस पोर्टल और बाद में संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से की गई थी। शनिवार को वन दरोगा पीयूष जोशी और मदन सिंह के नेतृत्व में टीम कॉलेज परिसर पहुंची और शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया प्रारंभ की। कॉलेज प्रबंधन द्वारा वर्ष 2024 के जून महीने के अंत में पेड़ों की कटान कर 27,000 रुपये में ठेकेदार को बेचे जाने का आरोप है। शिकायतों के बावजूद कई महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर दोबारा शिकायत दर्ज की गई। टीम ने मौके पर पेड़ों के कटे हुए अवशेषों की तलाश की, लेकिन कॉलेज कर्मचारियों के पास कमरे की चाबी न होने के कारण कुछ तनों का निरीक्षण नहीं हो सका। जांच में यह भी सामने आया कि 21 सितंबर की रात को प्रबंधक द्वारा जेसीबी से जड़ें भी



उखड़वा कर रातों-रात गायब कर दी गईं। हालांकि कुछ अशोक व सागौन के पेड़ों की जड़ें अब भी परिसर में मौजूद पाई गईं। शिकायतकर्ता जसवंत सिंह, श्रीराम शर्मा, नरेंद्र सिंह, युवराज सिंह आदि ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की सरक. ारी नीति के बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने मनमाने ढंग से पेड़ों की कटान की, पर्यावरण को भारी क्षति पहुँची है। उन्होंने प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# प्राइवेट बसों की हड़ताल खत्म, आपसी सहमति पर बसों का संचालन शुरू

**ठाकुरद्वारा।** नगर में बाबूरामपाल सिंह द्वार के नकट प्राइवेट बसों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर तहसीलदार ने शिकंजा सक दिया। जिससे नाराज बस मालिको और बस चालको ने बसों की हड़ताल शुरू कर दी। तीसरे दिन आपसी समझौते के बाद बसों की हड़ताल खत्म हो गई और बसों का संचालन शुरू हो गया है। इससे यात्रियों में खुशी लहर दौड़ गई। बतादें कि ठाकुद्वारा में स्योहारा प्राइवेट यूनियन की 44 बसों का संचालान ठाकुरद्वारा से जसपुर, स्योहारा, सुरजननगर , करनपुर कांठ को किया जाता है। बसों को स्टेडिंग कर नगर के बाबूरामपाल सिंह द्वारा से संचालन काफी समय से रहा है। बस चालकों की लापरवाही के कारण आए दिन जाम की समस्याएं उत्पन्न होने लगी। शिकायत मिलने पर बृहस्पतिवार को तहसीलदार ने बस चालको पर शिकंजा सकते हुए बसों के



अतिक्रमण को रामपाल सिंह द्वार से हटा दिया। साथ ही नगरपालिका टीम ने अतिक्रमण करने पर एक बस का चालान भी काट दिया था। इस पर बस मालिको और बस चालको ने नाराज होकर बसों का पहिया रोक दिया और अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी। बसों की हड़ताल के कारण ई रिक्शा और टेंपों ने चालको ने यात्रियों से मनमानी किराया वसूल करना शुरू कर दिया। यात्री बसों की हड़ताल के चलतें काफी परेशान होने लगे। इस पर शनिवार को बस मालिकों और प्रशासन की आपसी सहमति पर नगर के बाबू रामपाल सिंह द्वार से तीन बसों का संच. ालन की सहमति मिल गई। जिसपर दोपहर बाद बस मालिको ने बसों का संचालन शुरू कर दिया। बसों का संच. ालन शुरू होते हुए यात्रियो में खुशी की लहर दौड़ गई।

**टेंपो का पुलिस ने अतिक्रमण करने पर किया चालान**-स्योहारा प्राइवेट बस यूनियन की हड़ताल के चलते टेंपो और ई रिक्शा चालको ने अपनी मनमानी करते हुए जहां से बसों संचालन होता है वहीं पर ई रिक्शाओ और टेंपो को खड़ाकर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। नगर के बाबूरामपाल सिंह द्वार पर बड़े ई रिक्शा और टेंपो के अतिक्रमण की सूचना बस मालिकों ने पुलिस को दी। अतिक्रमण की शिकायत पर पहुंची पुलिस को देखकर ई रिक्शा और टेंपो चालक मौके से फरार हो गए। मौके पर पकड़े दो टेंपो का पुलिस द्वारा ऑनलाइन चालान किया गया। जिससे ई रिक्शा और टैंपों चालको में हड़कंप मच गया।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूँ कि मैं कमल प्रसाद पुत्र श्री प्यारे लाल नि. अलकनंदा कालोनी खुशहालपुर मुरादाबाद एक किता आराजी खसरा सं०:-612, रकबई:140.00 वर्गमीटर स्थित मौहल्ला खुशहालपुर मुरादाबाद सुभाष चन्द्र सेठी पुत्र श्री विश्वनाथ सेठी निवासी 55 जवाहरनगर शहर मुरादाबाद से वजरिये रजिस्टर्ड बयनामा बही सं०: 4557 तक क्रमांक:-1245 जिल्द सं० 4557 के पृष्ठ सं०: 45/64 पर दिनांक:-12.03.2004 को खरीदा है, जिस पर बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है, जिसका मूल बयनामा मेरे पास मौजूद है उक्त आराजी सुभाष चन्द्र सेठी पुत्र श्री विश्वनाथ सेठी निवासी 55 जवाहरनगर शहर मुरादाबाद ने जगदीश पुत्र श्री विशन निवासी ग्राम शाहपुर तिगरी तहसील व जिला मुरादाबाद से वजरिये रजिस्टर्ड वयनामा बही सं०:-2, जिल्द सं०:-2655 के पृष्ठ 166 एड० बुकर जिल्द सं०:-2662 के पृष्ठ 419/428 में नम्बर 9429 पर दिनांक:- 27.12.1989 द्वारा क्रय की थी जिसका मूल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं गिरकर कहीं गुम हो गया है। भविष्य में इस कागजात का दुरूपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय, संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। **राजीव चौधरी ( एडवोकेट ) विधिक सलाहकार** चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाईनेन्स कंपनी चौंबर नं० 88/सी० कचहरी परिसर मुरादाबाद। मो0नं0:-9219538726

# 35 औसत वाले राहुल विदेश में सबसे भरोसेमंद



● करियर के 10 में से 9 शतक विदेश में, इंग्लैंड सीरीज में 62.50 का औसत

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी ओपनर केएल राहुल ने अपनी टेक्निक से सभी को खूब प्रभावित किया है। सीरीज में खेली लगभग हर एक पारी में नई गेंद के सामने राहुल दीवार बनकर खड़े हुए हैं। यही वजह रही है कि भारतीय टीम के मध्यक्रम ने मौजूदा सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। राहुल सीरीज की 6 पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बना चुके हैं। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले 6 बैटर्स में इकलौते टॉप-3 में बैटिंग करने वाले खिलाड़ी हैं।

यह केवल इस सीरीज की बात नहीं है। 33 साल के राहुल हालिया वर्षों में विदेश में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके टेस्ट करियर की 10 में से 9 सेंचुरी विदेशी जमीन पर हैं। हालांकि, मौजूदा समय में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ माने जाने वाले राहुल का करियर औसत सिर्फ 35.26 का है, जो उनके प्रदर्शन से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता है। मौजूदा समय में टॉप-6 भारतीय बैटर्स में राहुल का औसत सबसे कम है, लेकिन इस बीच यह समझना भी जरूरी हो जाता है कि आखिरी एक दशक से भी ज्यादा समय से भारत के लिए खेल रहे राहुल का औसत इतना कम क्यों है? आइए इसके कारणों के बारे में जानते है, घरेलू मैदान की तुलना में विदेश में ज्यादा मैच साल 2014 में टेस्ट डेब्यू के बाद से राहुल ने 61 मैच खेले हैं। लेकिन इनमें से केवल 20 ही उन्होंने भारत में खेले। अन्य बैटर्स घरेलू परिस्थितियों में रनों का अंबार लगाते हैं, लेकिन उन्होंने 32 पारियों में 39.62 की औसत से सिर्फ 1149 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से केवल एक शतक निकला है। वहीं, विदेश में खेले 41 मैचों में 2483 रन स्कोर किए हैं। प्रदर्शन राहुल ने ज्यादातर रन बड़ी टीमों यानी इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और द. अफीका के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16-16 टेस्ट में क्रमशरू 1330 रन और 894 रन बनाए हैं। इसके विपरीत वेस्ट इंडीज (374), श्रीलंका (354), बांग्लादेश (175) और अफगानिस्तान (54) जैसी कमजोर टीमों के खिलाफ उनके बेहद कम रन हैं। कन्वर्जन रेट कम, 2 बार 150+ स्कोर राहुल का अर्द्धशतक को शतक में बदलने का रेट कम है। करियर में 18 अर्द्धशतक और 10 शतक हैं। साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया व श्रीलंका के खिलाफ रिकार्ड लगातार 7 अर्द्धशतक को शतक में तब्दील नहीं कर पाए थे। करियर में एक भी दोहरा शतक नहीं है। केवल दो बार ही राहुल डेढ़ सौ का आंकड़ा पार कर सके हैं। राहुल का ज्यादा मैच नहीं खेल पाना और खराब फार्म सहित चोटों के कारण लगातार टीम से अंदर बाहर होते रहना भी कम औसत का बड़ा कारण रहा है। राहुल के डेब्यू के बाद से पिछले 10 में से 5 साल में भारतीय टीम ने 10 से ज्यादा मैच खेले हैं। विराट-रोहित के संन्यास लेने से राहुल को पहली बार टीम के प्रमुख बैटर का जिम्मा मिला। राहुल करियर में टीम के दूसरे या तीसरे प्रमुख बैटर के रूप में खेलते रहे हैं। कोहली और रोहित जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बीच राहुल अपनी क्षमता के अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद अब राहुल टीम के प्रमुख और सबसे अनुभवी बैटर हैं। राहुल ने भी इस जिम्मेदारी को मौजूदा सीरीज में बखूबी निभाया है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार किसी सीरीज में एक से अधिक शतक लगाए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद, वार्ता।** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबढी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबढी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है।

### ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर बिंद्रा ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की और श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

● इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, यह शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की शनिवार को घोषणा की।

बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पांच सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी के मद्देनजर महत्वूपर्ण है। इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को 2026 एफआईएच महिला विश्वकप के लिए सीधे जगह मिलेगी। इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। शिविर को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह शिविर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर है। एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट है, बल्कि 2026 विश्व कप के लिए एक सीधा रास्ता भी है। हम इस शिविर में पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ भाग ले रहे हैं ताकि हम हांगझाऊ में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार टीम के रूप में पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि हमने निरंतरता बनाए रखने के लिए पिछले शि. विर के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, साथ ही युवा खिलाड़ियों को सीनियर टीम में शामिल होने के लिए अधिक समय भी दिया है। यूरोप में एक कठिन प्रो लीग अभियान के बाद, जहां हम अपने मनचाहे परिणाम नहीं हासिल कर पाए थे।

# भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक से इन्कार

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ढाका में एशियन काउंसिल की वार्षिक बैठक आयोजित होने पर भाग नहीं लेगा। यह बैठक 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में होनी है।

बीसीसीआई का कहना है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए बोर्ड वहां बैठक में शामिल नहीं हो सकता। भारत ने एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, मोहसिन भारत पर अनावश्यक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब तक बैठक की जगह बदली नहीं जाती, एशिया कप को लेकर कोई फैसला नहीं हो सकता। भारत इस बार एशिया कप की

● 24 जुलाई को ढाका में होनी है मीटिंग, एशिया कप-2025 के आयोजन को लेकर फैसला होना है

मेजबानी कर रहा है और यह टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। अभी तक एसीसी ने टूर्नामेंट का शेडयूल या स्थान घोषित नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह सितम्बर में हो सकता है। 2023 में भी भारत ने पाक जाकर एशिया कप खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे। इस साल भी ऐसी अटकलें थीं कि भारत महिला और पुरुष टीमें एशिया कप से हट सकती हैं, लेकिन बीसीसीआई सचिवने इन खबरों को कल्पना पर आधारित और झूठा बताया है। श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड भी भारत के साथ हैं और उन्होंने भी ढाका में मीटिंग को लेकर चिंता जताई है। बावजूद इसके, एसीसी चेयरमैन मोहसिन मीटिंग को ढाका में ही कराने पर अड़े हुए हैं। एसीसी के संविधान के अनुसार, अगर अहम सदस्य बोर्ड इस बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो वहां लिए गए फैसले अमान्य माने जा सकते हैं। इससे एशिया कप की मेजबानी को लेकर बड़ा विवाद पैदा हो सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि नकवी का ढाका में ही बैठक करवाने का जोर भारत पर दबाव बनाने की को. शिश के रूप में देखा जा रहा है।

# डोमेस्टिक सीजन 2025-26 खेल सकते हैं मोहम्मद शमी



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे पेसर मोहम्मद शमी को बंगाल ने डोमेस्टिक सीजन 2025-26 के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। शमी इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से उन्होंने कोई भी मैच नहीं खेला है। शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्राफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फार्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जाएगा। शमी, जिन्होंने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईपीएल में, शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने 9 पारियों में 6 विकेट लिए और प्रति ओवर 11.23 रन दिए। शमी इससे पहले लंबे समय तक चोट के कारण बाहर थे, जिसमें उनकी टखने की सर्जरी हुई और घुटने की समस्याओं ने भी परेशान किया। शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्राफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता, और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।



# कान्वे की फिफ्टी से जीते कीवी

● ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया, मैट हेनरी को 3 विकेट मिले

**हरारे, वार्ता।** डेवोन कान्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को टी-20ट्राई सीरीज में 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इसी के साथ कीवी टीम पाइंट्स टेबल के टाप पर पहुंच गई हैं। हरारे में खेल गए मैच में मैट हेनरी के 3 विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 120/7 के स्कोर पर रोका।

इसके बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे उनका नेट रन रेट 1.919 तक पहुंच गया। जिम्बाब्वे को अभी कोई अंक नहीं मिला है और उन्हें ट्राई सीरीज में बाहर होने से बचने के लिए दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों मैच जीतने होंगे। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पिछले मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) की तुलना में अधिक आक्रामकता दिखाई, लेकिन वे केवल 11 चौके और एक छक्का ही लगा सके, जो पिछले मैच से कम था। जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी साझेदारी 37 रन की थी, जबकि न्यूजीलैंड ने दो अर्द्धशतकीय साझेदारियां कीं। टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद डेवोन कानवे और रचिन रवींद्र ने 44 गेंदों में 59 रन जोड़े, फिर कानवे और डेरिल मिशेल ने 32 गेंदों में 58 रन की साझेदारी कर जीत आसान कर दी ।न्यूजीलैंड की गेंदबाजी शानदार रही। मैट हेनरी ने 3/26 के साथ छोटी गेंदों का अच्छा उपयोग किया।

स्पिनर मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रवींद्र ने 9 ओवर में केवल 43 रन देकर एक-एक विकेट लिया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों में केवल ब्लेसिंग मुजारबानी ने 6.75 की इकोनामी के साथ एक विकेट लिया। वेलिंगटन मसाकद्ज़ा की जगह तेज गेंदबाज टिनोटेंडा मापोसा को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। वेस्ली मधेवेरे ने पहली गेंद पर चौका लगाकर जिम्बाब्वे को तेज शुरुआत दी। पहले ओवर में 11 रन बने। पिछले 11 पारियों में केवल एक बार 20 से अधिक रन बनाने वाले मधेवेरे ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन 36 रन बनाकर आउट हो गए।

● एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# भारतीय मिक्स्ड टीम क्वार्टरफाइनल में

● भारत ग्रुप-डी में है और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए है

**जकार्ता, वार्ता।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप इंडोनेशिया में खेला जा रहा है। इससे पहले इंडिया ने श्रीलंका को हराया था। भारत ग्रुप डी में हैं और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी। भारत ने अपने सभी गेम जीते भारत ने शानदार शुरुआत की, जब लड़कियों के सिंगल्स में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिक्स्ड डबल्स में सी लालरमसांगा और तारिणी सूरी ने भारत की बढ़त को 22-11 तक पहुंचाया। मैच के बीच में स्कोर 55-41 था, जो भारत के पक्ष में रहा। वहीं, यूएस ओपन फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन को हरा कर भारत को 66-46 से आगे कर दिया। इसके बाद लालरमसांगा और रेशिका यू की जोड़ी ने दूसरी मिक्स्ड डबल्स में अधित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 की मजबूत बढ़त दिलाई। रिले स्कोरिंग फार्मेट में खेला जा रहा है टूर्नामेंट यह टूर्नामेंट 110 अंकों के रिले स्कोरिंग फार्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें टीमें 10 मुकाबलों में 110 अंक हासिल करने होते हैं। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में रहा था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत मलेशिया से 2-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था। टूर्नामेंट में 17 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है इस टूर्नामेंट में 17 टीमें चार ग्रुप में बंटी हैं। तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें और एक ग्रुप में पांच टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचती हैं।

### स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया।

# आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी-20 मैचों के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है।

रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे। रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट को. हली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने 2016 में अपना दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। रसेल ने कहा कि 2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था। इसी भरोसे ने मुझे खुलकर

● 2016 विश्व कप सेमीफाइनल को बताया सबसे गर्व का पल, वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले

खेलने की आजादी दी। भारत को सेमीफाइनल में हारने के बाद वेस्टइंडीज ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर चार साल में दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता। रसेल दोनों जीत का हिस्सा रहे। इस पर उन्होंने कहा, दो वर्ल्ड कप जीतना एक अलग ही अहसास है।

फाइनल जीतने के बाद जब आप सोते हैं और बस दो घंटे में ही उठ जाते हैं, लेकिन फिर भी आप तरोताज़ा महसूस करते हैं, क्योंकि आप इंटरनेट पर वो सारे अच्छे पल, सोशल मीडिया पोस्ट और लोगों की शुभकामनाएं देखना चाहते हैं। वो सब देख कर मैं भावुक हो जाता हूं। रसेल ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और अब उन्हें लगता है कि विदा लेने का यही सही समय है। मेरे लिए सबीना पार्क पर रिटायर होना एक सपना जैसा है। यहीं से मैंने क्रिकेट की शुरुआत की थी और यहीं पर खत्म करना मेरे लिए सम्मान की बात है।




# चार भारतीय महिला खिलाड़ी फिडे विश्व कप के फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चार महिला चेस खिलाड़ी फिडे विम. ेंस वर्ल्ड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। जार्जिया के बटुमी में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका, आर.वैशाली और इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

अनुभवी हम्पी ने भी स्विट्जरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाईब्रेक्स में 1.5-0.5 से हराया। हम्पी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की युशिन सान्ग से भिड़ेंगी। दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय है। क्वार्टर फाइनल में दिव्या और हरिका आपस में भिड़ेंगी। जिससे यह मुकाबला पूरी तरह से भारतीय होगा। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। उन्होंने पहले गेम में काले मोहरों से जीत हासिल की और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से ड्रा किया। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। हरिका ने रूस की कतेरीना लागनो के खिलाफ 15+10 रैपिड टाईब्रेक्स के पहले गेम में हार का सामना किया, लेकिन दूसरे गेम में वापसी करते हुए जीत हासिल की। मुकाबला फिर 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में चला गया, जहां हरिका ने पहले गेम में काले मोहरों से ड्रा किया और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। हरिका द्रोणावल्ली और काटेरिना लाग्नो ने आधा-आधा अंक साझा किया। वैशाली का सामना चीनी खिलाड़ी से होगा आर.वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेना. ेवा के खिलाफ 15+10 और 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में गेम्स को बांटा। मुकाबला ब्लिट्ज टाईब्रेक्स में चला गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम व एएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एडीएम प्रदीप वर्मा व एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। समाधान दिवस में धनूपुरा नि. लक्की सिंह द्वारा बताया गया कि नवीन परती की खाली पड़ी भूमि पर प्रधान विकेश महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करना चाहते हैं लेकिन ग्रामीणों का कहना था कि यहां बारात घर बने।

रतनपुर की रहने वाली आशा पत्नी ऋषिपाल द्वारा खेत पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की गयी।



फरियादी लाखन पुत्र रामेश्वर नि0 ग्राम बहरौली द्वारा प्लाट पर गांव के नरेश द्वारा कब्जा करने की शिकायत की गयी। फरियादी जनैटा की रहने वाली शहनाज बेगम पत्नी स्व. अहमद अली द्वारा विरासत दर्ज न किये जाने की शिकायत की गयी। वहीं समाधान दिवस में राशन कार्ड को लेकर भी कई शिकायतें आईं। दोपहर 02 बजे तक कुल शिकायतें दर्ज कराई गईं जिसमें शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी धर्मराज, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## 118वे स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों को वितरित किए गिफ्ट

**अगवानपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा केसीएम की ब्रांच मैनेजर सुप्रिया पाल ने बैंक के 118 वे स्थापना दिवस पर नगर पंचायत अगवानपुर के मोहल्ला बाकलन में सद्भावना जूनियर हाई स्कूल में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए साथ में स्कूल के सभी बच्चों एवं अध्यापकों को चॉकलेट भी वित. रित की गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य हरचरन सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से बच्चों को दिए गए उपहार पर स्टॉफ का आभार व्यक्त किया। बच्चों का उपहार पाकर खुशी का ठिकाना नही रहा। ब्रांच मैनेजर सुप्रिया पाल ने बताया कि बैंक की तरफ से 118 वे स्थापना दिवस पर हर साल स्कूलों को गिफ्ट वितरण किए जाते हैं।

इस मौके पर अनुज कुमार, तेजपाल सिंह, आर्यन ,परवेज आलम बैंक मित्र एवं विद्यालय स्टॉफ व शिवी गुप्ता, गौरंगी गुप्ता, श्यामा गुप्ता, यशोदा, शुमायला सलोनी, मोना एवं मनीषा आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील परिसर में आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने जन समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वा. सन दिया। इस मौके पर 71 शिकायतों में 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शनिवार को आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने जन समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। जिसके निस्तारण को लेकर एसडीएम द्वारा उनको आश्वस्त किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 31 शिकायतें, पूर्ति विभाग से 15 शिकायतें, पुलिस विभाग से संबंधित 7 शिकायतें, विद्युत विभाग से संबंधित 5 शिकायत, जिला समाज कल्याण विभाग से 0 शिकायतें, विकास विभाग से संबंधित 5 शिकायत, जल निगम से



संबंधित 0 शिकायत आई, अन्य विभाग से संबंधित 8 शिकायतें आयीं। कुल 71 शिकायतों में 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया, कहा कि सभी अपना कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें और किसी भी तरह की कोताही सामने आई तो वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, सीएमओ कुलदीप सिंह, चिकित्सा अधीक्षक हरीश चंद्र, बीडीओ, खंड विकास अधिकारी कुंदरकी, एसडीओ विद्युत, सप्लाई इंस्पेक्टर, नगर पालिका बिलारी की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, एबीएसए अजहरे आलम आदि सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# निर्माण को लेकर जेई से वार्ता करते भाकियू पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक कुंदरकी के ग्राम जेतबाड़ा की मुख्य सड़क जरजर हो जाने के कारण ग्रामीणों व भारतीय किसान यूनियन भानु ने मोके पर पहुंचकर ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान व जेई से बर्तालाव कर सड़क निर्माण कराए जाने की बात कही।

जेई द्वारा सड़क निर्माण कराने की सहमति जताते हुए दोनों साइड में बने नालों को बनाने से मना किया गया। जेई द्वारा बताया गया नालों का निर्माण उनके विभाग में नही आता है वह अपने उच्चाधिकारियों से बात करेंगे लेकिन समयानुसार सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिस पर भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने फोन के माध्यम से मोके पर ही विभाग के आला अधिकारियों से



बात कर समस्याएं बतायीं और जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

दानिश पाशा ने सड़क के साथ ही दोनों साइड नालों का भी निर्माण कार्य कराए जाने की बात रखी जिस पर विभाग के अधिकारियों द्वारा जिलाध्यक्ष दानिश पाशा की बात मानते हुए जल्दी निर्माण कार्य कराए जाने को कहा। वहीं ग्राम वासियों से बर्तालाव के दौरान ग्राम सचिव राम प्रकाश, ग्राम प्रधान उवेश, हाजी इमरान खान, राहुल सागर, उवेश खान, अरुण वर्मा, बाबू उर्फ उवेश पाशा, शोएब पाशा, बाबू राम, आजम राणा, जियाउल पाशा, अकरम अली, राजवीर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# पीडीए की बैठक में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी** बिलारी। क्षेत्र के ग्राम थांवला में सेक्टर थांवला के बूथों की शनिवार को पीडीए की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पहुंचे बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पीडीए की बढ़ती लोकप्रियता और आपार जनसमर्थन से भाजपा बुरी तरह घबराई हुई है, कहा कि भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से जनता खुश नहीं है, प्रदेश की जनता जाग चुकी है और वह 2027 में भाजपा की सरकार को हटाकर सपा की सरकार प्रदेश में बदलवाकर रहेगी। भाजपा



सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है, भाजपा सरकार में पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को आपस में बांटकर शोषण किया जा रहा है। बैठक के अन्त में पीडीए की मजबूती और 2027 में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, सेक्टर प्रभारी रेहान पाशा, यूथ बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव,रिजवान, हिमांशु , रवि, गोपाल कश्यप, रविन्द्र चौधरी, रमाकांत सैनी,अरशद पाशा, मुन्ने, कौशल, पीडीए परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### लाभांश ना मिलने पर तीन दिन राशन वितरण का बहिष्कार



**कांठ।** लाभांश ना मिलने से नाराज ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा और 20, 21 एवं 22 जुलाई को राशन वितरण न किए जाने का ऐलान किया। बृजेश चौधरी प्रदेश सचिव ने बताया कि जुलाई 2025 तक का लाभांश न मिलने के कारण राशन वितरण का बहिष्कार किया जा रहा है। इस अवसर पर बलराम सिंह मोहम्मद अरशद कविता राठी गजराज सिंह मोहम्मद राशिद चंपा देवी राहुल मुकेश कुमार शिवराज सिंह प्रकाश सिंह महेंद्र सिंह मोहम्मद यूनुस और प्रदेश सचिव चौधरी बृजेश मौजूद रहे।

### सेंट पॉल्स स्कूल में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के छात्र- छात्राओं के लिए श कहानी सुनाओ प्रतियोगिताश का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की कहानी सुनाई जिसमें शिक्षाप्रद कहानियां, कल्पनाशील कहानियां और पारंपरिक कहानी शामिल थी।छात्रों ने अपनी कहानियों को आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रस्तुत किया, अपनी आवाज शारीरिक हाव - भाव और चेहरे के भाव का उपयोग करके सबको मंत्र - मुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता कलाम हाउस, बॉस हाउस, आर्यभट्ट हाउस और रमन हाउस के मध्य हुई। विजयी छात्र छात्राओं में प्रथम स्थान कक्षा 3 से अभीप्रीत (कलाम हाउस), कक्षा 4 से प्रथम स्थान मोहम्मद जकी ( बोस हाउस), द्वितीय स्थान अनुकृति (आर्यभट्ट हाउस ), जियांश (रमन हाउस), कक्षा पांच से प्रथम स्थान श्रेयांशी राठी ( रमन हाउस) और द्वितीय स्थान आर्चरी राधने( बोस हाउस) ने प्राप्त किया। कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र चौधरी, स्कूल प्रबंधक सचिन कुमार बिश्नोई, स्कूल चौयरमैन जितेंद्र विश्नोई ने छात्र छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य छात्रों के आत्मविश्वास, भाषण कौशल, कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उनमें आत्म- विश्वास को विकसित करना है। आयोजन में ममता विश्नोई, विकास यादव, सौरभ चौहान, आमिल सैफी,शाहरुख खान, शिवानी, एवं अन्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओ का विशेष योगदान रहा।

# शिवरात्रि से पहले कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

■ ग्रेटर नोएडा में एसडीएम और एसीपी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शिवरात्रि से पहले कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को एसडीएम सदर चारुल यादव और एसीपी तृतीय अरविंद कुमार ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सिकंदराबाद से रबूपुरा के भाईपुर शिव मंदिर तक के रूट का जायजा लिया। इस दौरान प्राधिकरण, विद्युत विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि 23 जुलाई को शिव. रात्रि पर श्रद्धालु भाईपुर शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।



श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निरीक्षण किया गया।अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया। बारिश के मौसम को देखते हुए सड़कों पर जल भराव की स्थिति भी परखी गई। मार्ग में कुछ समस्याएं मिलीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम ने गांवों से होकर गुजरने वाले कांवड़ मार्ग का भी बारीकी से निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाओं को श्रद्धालुओं की यात्रा से पहले दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया है।

## 40 आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

**नोएडा।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच से छह साल के बच्चों को पढ़ाने के लिए ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति की पहले चरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बीएसए विभाग की ओर से 26 पदों के लिए शुक्रवार को 88 आवेदकों का साक्षात्कार हुआ। पहले चरण में शासन ने जिले में ईसीसीई के 40 पद स्वीकृत किए हैं। पदों पर भर्ती के लिए 1371 लोगों ने आवेदन किए किए थे। पहले चरण के इंटरव्यू में 14 लोगों को नियुक्ति दी गई। बाकी के 26 पदों के लिए शुक्रवार को जिला स्तरीय कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया 88 आवेदक इंटरव्यू में शामिल हुए। इनमें से 26 का चयन किया जाना है।

## हाईटेंशन विद्युत पोल हुआ जर्जर

**बिलारी।** नगर में शाहबाद रोड से सरकारी अस्पताल के सामने आइडिया स्टेडियम के सामने से होता हुआ पुराने जूनियर हाई स्कूल तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्टेडियम गेट के सामने एक हाईटेंशन विद्युत पोल सड़क के बीचों बीच खड़ा हुआ है वह भी नीचे से गल कर जर्जर हो चुका है। उसकी अनेक बार लोग थाना और तहसील समाधान दिवसों में शिकायत दे चुके हैं परंतु बिजली महकमा किसी हादसे के इंतजार में है। शनिवार को तहसील में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, चंदन डूडेजा, सुधीर अग्रवाल, प्रदीप सिंघल आदि तमाम लोगों ने एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की तो उन्होंने दिवस में मौजूद अधिशासी अभियंता से निस्तारण करने को कहा। उन्होंने विद्युत उपखंड अधिकारी अवधेश कुमार से कहा कि जनहित में जल्दी ही समस्या का समाधान करायें।

# दावते इस्लामी इंडिया के इज्तेमा में गुनाहों से बचने पर जोर

**कुन्दरकी।** नगर के रजा चौक स्थित साबरी मस्जिद में आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इन्डिया के हफ्ता वारी इज्तेमा में गुनाहों से बचने और नेकियां करने पर जोर दिया इज्तेमा का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हुआ मुब्लिलगे दावते इस्लामी इन्डिया कारी शुएब रजा ने नबी ए पाक की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुब्लिलगे दावते इस्लामी इन्डिया मौलाना सिद्दीक रजा ने अपने बयान में कहा हम अल्लाह करीम के बन्दे और उसके प्यारे नबी के गुलाम है यकीनन जिंदगी बेहद मुख्ह्तसर है हमें जल्द ही कब्र में उतार दिया जाएगा समझये अगर आज ही मौत



आ जाय तो हमारे पास क्या तैयारी है जो हम रब के सामने जा सकें एक दिन मरना है आखिर मौत है करले जो करना है आखिर मौत है आखिर में देश में अपन शांती के लिए दुआ कराई इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी अबरार हुसैन अत्तारी मुहम्मद इन्तजार रजवी मुहम्मद जेद अत्तारी मुहम्मद इमरान अत्तारी अनस अत्तारी हाफिज हारून आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता परिषद ब्रज ने की स्वाध्याय मंडल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल के स्वाध्याय मंडल की बैठक शनिवार को एड. अजीत सिंह स्मृति भवन (बार रूम सभागार) चंदौसी में आयोजित की गई जिसमें जिला कार्यकारणी अधिवक्ता परिषद बृज का विस्तार करते हुए सचिन शर्मा को मंत्री नियुक्त किया गया, साथ ही चंदौसी बार एसोसियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने पर विपिन कुमार सिंह राघव का पटका पहना कर स्वागत किया। उसके बाद मुख्य वक्ता दीपक राठौर एडवोकेट ने सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आदेश 39 अस्थाई व्यादेश मामलों पर बताया कि किन परिस्थितियों में अस्थाई व्यादेश (आद. `श 39) के वाद न्यायालय में लाये जा सकते हैं। आदेश 39, सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) में अस्थायी निषेधाज्ञा और अंतरिम आदेशों से संबंधित है। इसका मुख्य उद्देश्य मुकदमे के लंबित रहने के दौरान संपत्ति को नुकसान या दुरुपयोग से बचाना है। यह आदेश न्यायालय को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि संपत्ति को नष्ट या स्थानांतरित न किया जाए, और यह सुनिश्चित करता है कि वादी को उसके अधिकारों से वंचित न किया जाए। अस्थायी निषेधाज्ञा अदालत का आदेश है जो किसी पक्ष को किसी विशेष कार्य को करने से रोकता है, या किसी विशेष कार्य को करने के लिए बाध्य करता है, जब तक कि मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता। अंतरिम आदेश के ये आदेश मुकदमे के दौरान जारी किए जाते हैं ताकि संपत्ति की रक्षा की जा सके या वादी के अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अंतर्गत नियम 1 और 2 ये नियम उन स्थितियों को बताते हैं जिनमें अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की जा सकती है।

कार्यक्रम में विष्णु शर्मा, राहुल चौधरी, प्रवीण गुप्ता, विभोर बंसल, रमेश सिंह राघव, चंद्रशेखर, शबाब आलम, कुणाल, शुभम प्रताप सिंह, रजनी शर्मा, अमरीश कुमार, राहुल रस्तौगी, श्यामेन्द्र सिंह, सचिन शर्मा, सुनील कुमार, अजय कुमार, मुक्षिका शर्मा, आशीष अग्रवाल, नरेश कुमार, विपिन कुमार सिंह राघव यशपाल सिंह राणा, नवीन कोहली आदि लोग रहे।

### श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी के जन्मदिवस पर जयंती का हुआ आयोजन



**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में भारत के स्वतंत्रता सेनानी शाहिद मंगल पांडे के जन्म दिवस के अवसर पर उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को बलिया जिले के नगवा गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम दिवाकर पांडे और माता का नाम अन्नपूर्णा देवी था। मंगल पांडे एक ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। जिसमें गाय और सूअर की चरबी का उपयोग किया जाता था। इससे हिंदू और मुस्लिम सिपाहियों में आक्रोश फैल गया था। मंगल पांडे ने अपने साथी सिपाहियों के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था। 29 मार्च 1857 को, मंगल पांडे ने अपने अधिकारियों पर हमला किया था, जिससे ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की। मंगल पांडे ने अपने आप को गिरफ्तार नहीं होने दिया और उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालकर लड़ाई लड़ी। आखिरकार, मंगल पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर मुकदमा चलाया गया। उन्हें दोषी पाया गया और 8 अप्रैल 1857 को उन्हें फाँसी दे दी गई। इस अवसर पर अनीता शर्मा, सदिया, बुशरा, सकलेन, सोफिया हाफिज ब छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किए।

# सभी नामांकन फार्म सही होने पर वैध हुए घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के वार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। तीन दिन चली नामांकन प्रक्रिया के बाद आज नामांकन फार्मो की जांच की तिथि निश्चित की गयी थी। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों रमाशंकर,विजय गुप्ता सुभाष चन्द्र गर्ग सुधीर गुप्ता और महेश चन्द्र त्यागी की देखरेख में चुनाव समिति के सदस्यों ने नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की गयी। जांच प्रक्रिया में सभी 76 नामांकन फार्म सही पाये गये।

जांच में पाये गये सभी फार्म सही पाये जानें के उपरांत वैद्य घोषित किये। सभी फार्म वैद्य घोषित किये जाने के पश्चात अध्यक्ष पद के लिए 2, महासचिव पद के लिए 10, कोषाध्यक्ष पद के लिए 5, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु 5 संयुक्त सचिव पद हेतु 14 कनिष्ट उपाध्यक्ष पद हेतु ६, सदस्य सीनियर कार्यकारिणी पद हेतु 17 और सदस्य जूनियर कार्यकारिणी हेतु 17 कुल 76 प्रत्याक्षी मैदान में आ गये है। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया होंगी। सभी नामांकन फार्म वैध होने की घोषणा से सभी प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत के लिए चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। चौम्बर चौम्बर जाकर अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं। कुछ प्रत्याशी अधिवक्ताओं के घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं। आज नामांकन फार्मों की जांच में नरेंद्र सिंह चौहान शमशेर सिंह संजय कुमार सोनीष ,विशाल कांत, मनोज कुमार गुप्ता, रमेश सिंह आर्य, आसिम, उस्मान प्रमोद प्रत्येकि,अरशद परवेज आदि का सहयोग मिला।

# लाइफ केयर इमेजिंग एंड लैब डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन

■ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** शनिवार के दिन आगरा मुरादाबाद हाईवे पर ईदगाह के सामने एचडीएफसी बैंक के बराबर लाइफ केयर इमेजिंग एंड लैब डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन हुआ। विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी यादव जी के पुत्र डाक्टर बृजेश यादव जी के लाइफ केयर इमेजिंग एंड लैब बहजोई का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव राज्य सभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव जी ने किया। कार्यक्रम में सांसद आजमगढ़ धर्मेन्द्र यादव मुख्य



सचेतक लोकसभा, समाजवादी पार्टी राज्य सभा सांसद जनाब जावेद अली खान सांसद आदित्य यादव बदायूं , सांसद संभल प्रतिनिधि फरात भाई संभल विधायक एवं पूर्व मंत्री जनाब नबाब इकबाल महमूद,, श्री पिंकी सिंह यादव विधायक असमौली विधायक मौ फाईम इरफान बिलारी पूर्व विधायक मंत्री ओंमकार सिंह यादव पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव नरेश पाल सिंह यादव पूर्व विधायक राजेश यादव पूर्व विधायक अकिल उर रहमान विधायक नबाब जान खा विधायक नासिर कुरैशी विधायक समरपाल सिंह पूर्व विधायक हाजी बिट्ट न जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मोश यादव अखिलेश यादव छात्र सभा के जिला अध्यक्ष सुनील यादव नवीन यादव पाठकपुर आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पत्रकार वार्ता करते समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेताओं ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। साथ ही 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आह्वान भी किया। सरकार को अल्पसंख्यक विरोधी बताते हुए तीखा हमला बोला। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार जनता के मुद्दों से ध्यान भटका रही है। विधायक पिंकी यादव ने इकरा हसन विवाद पर सरकार से जवाब माँगा, वहीं राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने निष्पक्ष जांच की मांग की।






नई दिल्ली। गाजा में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच नेहरू प्लेस में फलस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

# गाजा में भारी गोलीबारी, 50 फलस्तीनी मारे गए

## खाद्य वितरण केंद्र पर इजरायली सेना ने लोगों पर गोलियां बरसाईं, ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इजरायल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इजरायल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत

### जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे मारे गए लोग

वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इजरायली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने

### मई महीने से भूखे लोगों को खाना पहुंचा रही है जीएचएफ

बताया कि यह एक नरसंहार था, सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।श एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा कि हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इजरायली सेना ने कहा कि वह केवल 'चेतावनी के तौर पर फायरिंग' करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और जीएचएफ की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1200 लोग मारे गए और 250 को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजरायल ने गाजा पर भीषण सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 58000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शीनबाम ने नई अमेरिकी सीमा दीवार के निर्माण का कड़ा विरोध किया

**मैक्सिकन सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को न्यू मैक्सिको में सीमा पर दीवार के एक नए हिस्से के निर्माण का कड़ा विरोध किया और इसे अमेरिकी सरकार का एकतरफा कदम बताया। राष्ट्रपति शीनबाम ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेक्सिको किसी भी तरह से इस परियोजना में शामिल नहीं है और न ही इसके लिए कोई धनराशि दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने दम पर बना रहे हैं। हम दीवार का समर्थन नहीं करते।

### चीन में तूफान 'विफा' के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को देश के छठवें तूफान 'विफा' के लिए पीला अलर्ट जारी किया और इससे देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार आज सुबह पांच बजे तूफान 19.9 डिग्री उत्तर अक्षांश और 120.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था, जो 15.20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि रविवार दोपहर या शाम के समय दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन शहर से लेकर हैनान प्रांत के वेनचांग शहर तक तटीय क्षेत्रों में तूफ़ान के असार हैं।

### कनाडा में जंगल की आग बढ़ने की आशंका

**ओटावा।** कनाडा के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने शुक्रवार को कहा कि अगस्त तक पश्चिमी कनाडा के अधिकांश हिस्सों में जंगल की आग के के बढ़ने की आशंका है और यह औसत से कहीं अधिक तेज हो सकती है। हॉजसन ने जंगल की आग का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि इसका सबसे जयादा खतरा दक्षिणी ब्रिटिश कोलंबिया में है। मौसम के पूर्वानुमान जुलाई से अगस्त तक देश के अधिकांश हिस्सों में औसत से अधिक तापमान का संकेत देते है और आने वाले हफ्तों में विशेष रूप से पश्चिम और उत्तर में शुष्क परिस्थितियों के और बढ़ने की संभावना है।

### उ. कोरिया का नया समुद्र तटीय रिसॉर्ट विदेशियों के लिए बंद

**सिंगापुर।** उत्तर कोरिया ने नये समुद्र तटीय रिसॉर्ट पर कुछ हफ्तों बाद ही विदेशी पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई को खोले गए वॉनसन कल्मा तटीय पर्यटन क्षेत्र को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की पर्यटन को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के पर्यटकों को भी अनुमति दी थी।

# भारत-पाक संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प

## जेट किस देश के यह नहीं बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24वीं बार कहा: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा: मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं।

पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रम्प बोले थे: हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा कि हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति



ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि का केस किया 86 हजार करोड़ डॉलर का हर्जाना भी मांगा

की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएचजे) पर मानहानि का केस किया है। उन्होंने 10 अरब डालर (लगभग 86188 करोड़ भारतीय करेंसी) हर्जाने की मांग की है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचजे पर आरोप लगाया है कि उसने एक झूठी और मानहानिकारक खबर छापी, जिसमें उनका नाम अरबपति और सेक्स ट्रैफिकिंग के दोषी जेफ्री एपस्टीन के साथ जोड़ा गया है। दरअसल, अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रम्प ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर एक लेटर भेजा था। इस लेटर में सिर्फ ट्रम्प का नाम ही नहीं था, बल्कि उसमें एक नग्न महिला की तस्वीर भी संलग्न थी। ट्रम्प ने इस खबर को झूठा और अपमानजनक बताते हुए कहा है कि अगर डब्ल्यूएचजे ने इसे वापस नहीं लिया, तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। इसके मालिक रूपर्ट मर्डोक और उनकी कंपनी न्यूज कार्प पर केस करने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प ने ब्रिक्स के खत्म होने की भविष्यवाणी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी कि अगर वे अमेरिका के खिलाफ काम करेंगे तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने खास तौर पर ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात दोहराई। ट्रम्प ने कहा, जब मैंने पहली बार ब्रिक्स ग्रुप के बारे में सुना-छह देश हैं इसमें मैंने उन पर बहुत सख्ती से कार्रवाई की। अगर यह समूह कभी भी मजबूत तरीके से सामने आता है तो यह बहुत जल्द खत्म हो जाएगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ब्रिक्स देशों की डॉलर को चुनौती देने की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। उन्होंने कहा, ब्रिक्स नाम का एक छोटा समूह है, जो अब तेजी से कमजोर पड़ रहा है। इस बार ट्रम्प ने अपने भाषण में किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि हम किसी को भी अपने साथ खेलने की इजाजत नहीं दे सकते।

### अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि वे आज ही ऐसा कर सकते हैं शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फ़ोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। गत आठ जुलाई को सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति के पोस्ट के अनुसार एक अगस्त की समय-सीमा में कोई बदलाव या विस्तार नहीं होगा, जब आयात शुल्क का भुगतान शुरू होगा।

# फ्रांसीसी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता घटी

बायरू ने सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की

**मॉस्को।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू ने देश के सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की है लेकिन देश के अधिकांश नागरिक उनकी नीतियों से सहमत नहीं हैं और चाहते हैं कि वह अपना पद छोड़ दें। आरटीएल प्रसारक के लिए इप्सोस बीवीए द्वारा किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक नागरिक चाहते हैं कि बायरू अपने पद से इस्तीफा दें।

इस पोल में यह भी सामने आया है कि केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक ही उनकी नीतियों का समर्थन करते हैं। आरटीएल द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार, केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रधानमंत्री का समर्थन करते हैं जबकि 59 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि बायरू इस्तीफा दें।सर्वेक्षण 16-17 जुलाई को हुआ जिसमें शामिल 1000 से जयादा लोगों में से 44 प्रतिशत लोग संसद भंग करने के पक्ष में थे और 34 प्रतिशत लोग अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। वहीं सर्वेक्षण में शामिल 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चिंतित होंगे। बायरू ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले साल फ्रांस के बजट घाटे को जीडीपी के 4-6 प्रतिशत तक कम करना है। मंगलवार को अगले वर्ष के लिए मसौदा बजट पेश करते हुए बायरू ने कहा कि फ्रांस वर्ष 2026 में अपने सबसे धनी नागरिकों के लिए कर बढ़ाएगा और मुद्रास्फीति के आधार पर पेंशन एवं सामाजिक लाभों को समाप्त कर देगा। प्रधानमंत्री की योजना देश के बजट घाटे को वर्ष 2029 तक यूरोपीय संघ की तीन प्रतिशत जीडीपी सीमा के नीचे लाने की है। इसके लिए उन्होंने 43.8 अरब यूरो की कटौती की योजना बनाई है, जिसमें सार्वजनिक खर्च में वृद्धि पर रोक लगाना और उच्च आय वालों पर 'एकजुटता' कर लगाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश के स्वास्थ्य सेवा बजट में पांच अरब यूरो की कटौती करने की योजना की भी बात की और स्थानीय अधिकारियों के लिए 2026 में अपने खर्च से 5.3 अरब यूरो की कटौती करने की योजना बनाई।

# एर्दोआन, पुतिन ने सीरिया में झड़पों इजरायली हमलों पर की चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और सीरिया में संघर्ष को पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा करार दिया है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

बयान के अनुसार, शुक्रवार को हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। एर्दोआन ने इजरायल द्वारा सीरिया की संप्रभुता का ख्याल रखने के महत्व को रेखांकित किया तथा सीरिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा देश की स्थिति के यथाशीघ्र सामान्य होने के लिए समर्थन देने की तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में बढ़ते तनाव सहित मध्य-पूर्व में घटित घटनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में हाल ही में हिंसा में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इस बात पर बल दिया कि सीरिया के विविध समाज के सभी लोगों के वैध अधिकारों का सम्मान करते हुए बातचीत एवं राष्ट्रीय समझौते को मजबूत करके यथाशीघ्र स्थिति को सामान्य करना बहुत महत्वपूर्ण है बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने सीरिया की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

## अमेरिकी दूत के हवाले से किया जा रहा दावा-स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद फैसला

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रूज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टाम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है।

बैरक ने एक्स पर लिखा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। ड्रूज से अपने हथियार डालने और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में एक नई और एकजुट सीरियाई पहचान बनाने का आह्वान किया है। वहीं इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में



इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने किया समर्थन

एक बड़ा समुदाय है। वहां एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है। इससे पहले सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने घोषणा की थी कि सरकार स्वैदा में झड़पों को रोकने और जमीनी स्तर पर संघर्ष को सुलझाने के लिए एक विशेष बल भेजेगी। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत सरकारी बलों के हटने के बाद, ड्रूज गुटों और मौलवियों को स्वैदा में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखनी होगी। सीरियाई अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सरकार ने भी ड्रूज गुटों के साथ एक समझौते पर बातचीत की थी। मगर सफल नहीं रही। सीरिया में लंबे समय से गृहयुद्ध जैसी स्थितियां बनी हुई हैं।

हालिया संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब एक द्रुज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबायलियों ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। इसके बाद हिंसा और भड़क उठी और सीरियाई सरकार के लड़ाके भी ड्रूजों की हत्या में शामिल हो गए। इस घटनाक्रम को देखते हुए इजरायल ने 15 जुलाई को पहली बार सीरिया के स्वैदा में हमले बोले और कट्टरपंथी लड़ाकों को भागने पर मजबूर कर दिया।

### जरूरत पड़ने पर इजरायल का सामना करने को तैयार: हिजबुल्लाह नेता

**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने 'इज़रायली आक्रमण' और अमेरिका समर्थित क्षेत्रीय दबावों से लेबनान के 'अस्तित्व को खतरे' की चेतावनी देते हुए कहा है कि उनका संगठन ज़रूरत पड़ने पर इज़रायल के सैन्य रूप से सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने ये टिप्पणी वर्ष 2024 में एक इज़रायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के शहीद कमांडर अली अब्दुल मोनीम कराकी (अबू अल-फ़दल) की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान की। स्थानीय टीवी चैनल अल-मनार ने कासिम के हवाले से कहा कि हम रक्षात्मक टकराव के लिए तैयार हैं।

# अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70% गिरी

## छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और रिजेक्शन में बढ़ोतरी से स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने बताया-आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लाट खुल जाएं, लेकिन यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है। अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लाट्स को अलग-अलग स्टेज



में जारी करने का वादा किया था, लेकिन हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है। वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लाट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा: ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है। इन सब दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। 23 साल के एक छात्र ने कहा: मैं और इंतजार नहीं कर सकता। मुझे एक साल बर्बाद होने का डर है। अमेरिका का रास्ता बंद लग रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मांडुवा ने चेतावनी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में स्लाट्स नहीं खुले, तो हजारों छात्रों के सपने टूट जाएंगे। हमें हर दिन छात्रों और उनके माता-पिता के फोन आ रहे हैं। इसके अलावा, मार्च में आवेदन करने वाले छात्र, जिन्हें इंटरव्यू स्लाट्स मिल चुके थे, अब हाई रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं। ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन के मुताबिक, कई छात्र, जिन्हें आमतौर पर आसानी से वीजा मिल जाता था, अब रिजेक्ट हो रहे हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल भी क्लियर हैं। रिजेक्शन का ज्यादातर कारण सेक्शन 214बी बताया जा रहा है। सेक्शन 214(बी) अमेरिकी इमिग्रेशन कानून का एक प्रावधान है, जो तब लागू होता है जब आवेदक यह साबित नहीं कर पाता कि वह पढ़ाई के बाद अपने देश वापस लौटेगा।

# रूसी हस्तक्षेप की गलत जानकारी ओबामा के अधिकारियों ने फैलाई: गबार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी।

गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा हिलेरी क्लिटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया। डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी, 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन, आईसी द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे।

बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसम्बर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों मेंभ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था कि रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके।



# सोनम ने बागी-4 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई। यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है। यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है। मेरे शानदार निर्देशक ए-हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीप्ती जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार। इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं। बागी फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए-हर्ष ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं। बागी 4-5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## बेटे अरहान संग इटली में वेकेशन मना रहीं मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपने बेटे अरहान के साथ इटली में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी वेकेशन की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो काफी स्टाइलिश और यंग नजर आ रही हैं। मलाइका इटली के टस्कनी में बेटे अरहान के साथ कभी स्विमिंग तो कभी साइकलिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि मां-बेटे के साथ में बिताए गए क्वालिटी टाइम में कुछ लोगों को मलाइका के कपड़े पंसद नहीं आ रहे हैं।

# संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में पहुंचे सलमान खान

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान अपनी एक्स गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे। बांद्रा में हुई इस पार्टी में सलमान अपने सुरक्षा गार्ड्स के साथ पहुंचे। उन्होंने काली टी-शर्ट और डेनिम जींस पहनी थी। बता दें कि फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते समय सलमान सीरियस दिखे। हालांकि, उनका मूड तब बदल गया जब उन्होंने एक छोटे से बच्चे को देखा। उन्होंने बच्चे स बातचीत की। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान वेन्यू के गेट पर रुकते हैं। बच्चे को देखते ही उससे बात करते हैं। दोनों ने साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। इसके बाद सलमान लिफ्ट की ओर बढ़ गए। संगीता बिजलानी और सलमान खान ने 1986 में एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था। बता दें कि एक्टर अर्जुन बिजलानी भी इस जन्मदिन पार्टी में पहुंचे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संगीता और सलमान के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा हैप्पिएस्ट बर्थडे संगीता बिजलानी, बहुत प्यारी इंसान। मुझे लगता है बिजलानी खास होते हैं, सलमान खान के साथ दिन और अच्छा हो गया। बहुत सारा प्यार भाई। पत्नी तुम हमेशा की तरह शानदार दिख रही हो। वहीं पार्टी से बाहर निकलते समय फैंस ने उन्हें घेर लिया। एक फैन ने उनके कंधे पर हाथ रख सेल्फी लेनी चाही। सुरक्षा ने उसे रोका और सलमान तेजी से गाड़ी में बैठकर निकल गए। बता दें कि सलमान और संगीता ने कई साल रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक टीवी एड के सेट पर हुई थी। दोनों दस साल तक साथ रहे। यह सलमान के सबसे लंबे रिश्तों में से एक माना जाता है। दोनों शादी करने वाले थे।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



### सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड के फार्महाउस में चोरी

**मुंबई।** एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के पावना डैम स्थित फार्महाउस में 18 जुलाई को अज्ञात लोगों ने चोरी की है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, फार्महाउस के अंदर तोड़फोड़ की और कई कीमती चीजें लेकर फरार हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, लोनावाला ग्रामीण पुलिस का कहना है कि यह घटना एक सोची-समझी साजिश लगती है।

# किंग के सेट पर चोटिल हुए शाहरुख खान

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें चोट तब लगी, जब वह मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे।

शाहरुख को चोट कब लगी और कहां लगी, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन वह अपनी टीम के साथ इलाज के लिए अमेरिका गए हैं। यह भी बताया गया कि मांसपेशियों में चोट के कारण उनकी सर्जरी हुई है और डाक्टर्स ने उन्हें एक महीने आराम करने के लिए कहा है। यह भी बताया कि किंग की शूटिंग अब सितम्बर या अक्टूबर में तब शुरू होगी, जब शाहरुख पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

जुलाई से अगस्त के बीच फिल्म के लिए फिल्म सिटी, गोल्डन टोबैको और YRF स्टूडियो में जो शूटिंग शेड्यूल तय किया गया था, वह कैंसिल कर दिया गया है। किंग की शूटिंग भारत और यूरोप में होगी। फिलहाल, नई शूटिंग डेट्स का इंतजार किया जा रहा है।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## एसएस राजामौली ने जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली ने अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की है। जेनेलिया डिसूजा की तेलुगु फिल्म जूनियर का हाल ही में प्री इवेंट हुआ। इस इवेंट में राजामौली ने जेनेलिया की तारीफ की। इस इवेंट मे एसएस राजामौली ने कहा, 'जेनेलिया, तुमने तो समय को रोक दिया है। कितने साल बीत गए, फिर भी तुम बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं। वही खूबसूरती, वही शालीनता। मैंने सिनेमैटोग्राफर सेंथिल से भी पूछा कि क्या हमें इसमें नई जेने. लिया देखने को मिलेगी, और उन्होंने भरोसा दिलाया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.) M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
NAAC A++ UGC
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281